CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C
सेंसेक्स 75,449.05
निफ्टी 22,907.60
सोना 91,000
चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 20 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मथुरा: श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद

# हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष पर लगाया पांच हजार का हर्जाना



**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा व शाही ईदगाह विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और भारत संघ को पक्षकार बनाने के लिए हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल संशोधन अर्जी को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही हिंदू पक्ष पर पांच हजार रुपये हर्जाना लगाया है।

यह राशि प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड को देय होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने दिया। सूट नंबर एक के याची भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और कटरा केशव देव और सूट नंबर 16 के याची देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और भारत संघ को पक्षकार बनाने की मांग की थी। सूट नंबर एक के अधिवक्ता हरिशंकर जैन की संशोधन अर्जी पर मुस्लिम के साथ ही हिंदू पक्षकारों ने विरोध जताया था। अर्जी को रद्द करने की मांग की थी। पांच मार्च को सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया था। अब कोर्ट ने ऑर्डर जारी कर संशोधन अर्जी को हर्जाने के साथ स्वीकार कर लिया है। इसी तरह की मांग सूट नंबर 16 के याचिकाकर्ता देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान ने भी मांगी थी। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्षकारों के साथ ही कई हिंदू पक्षकारों ने भी सूट नंबर एक के वकील हरिशंकर जैन की अर्जी पर ऐतराज जताया था।

# थरूर ने फिर की मोदी सरकार की तारीफ



- कहा: भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है
- पार्टी नेता के बयान पर कांग्रेस असहज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने कहा कि भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है। भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं। उधर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के बयान से कांग्रेस असहज नजर आई।

थरूर के इस बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि थरूर ने सच बोला है। उम्मीद है राहुल गांधी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेंगे। उधर पत्रकारों के सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मेरा कमेंट खुद ही सब कुछ कहता है। इसमें नया जोड़ने की जरूरत नहीं है। सांसद शशि थरूर ने इस बात की भी संभावना जताई कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है। चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा।

## 19वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा



कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।




# अंतरिक्ष में अमिट छाप छोड़ आईं सुनीता

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद धरती पर रखा कदम

फ्लोरिडा, वार्ता






- ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ

**आठ दिनों** के लिए संयुक्त क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गईं और तकनीकी कारणों से करीब नौ माह तक अंतरिक्ष में 'फंसी' रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार तड़के धरती को आलिंगन करते ही उनकी सुरक्षित वापसी के लिए कई घंटों से 'दिल थामे' टकटकी लगाए विश्वभर में लोगों की आंखें खुशियों से छलछला गईं और इसके साथ ही, अंतरिक्ष विज्ञान में 19 मार्च स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

'अंतरिक्ष परी' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद बुधवार को धरती पर कदम रखा। उनका ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। इस मौके पर एक और सुंदर नजारा देखने को मिला। ड्रैगन के स्प्लैशडाउन होते ही कई डॉल्फिन मछलियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान डॉल्फिन का झुंड अंतरिक्ष यान के चारों ओर तैरने लगा जैसे वे 'अंतरिक्ष परी' के लिए स्वागत गीत गा रही हों। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग और नासा के आठ दिन के ज्वॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे, लेकिन स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के थ्रस्टर्स में तकनीकी समस्या के कारण इनकी आठ दिन की यात्रा नौ माह 14 में तब्दील हो गई। स्पेसएक्स कैप्सूल ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर तथा निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को फ्लोरिडा तट के पास अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से चार पैराशूट का उपयोग करके सुरक्षित रूप से वापसी की। नासा द्वारा निर्धारित समय पर जैसे ही ड्रैगन ने स्प्लैशडाउन किया अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इस चमत्कृत करने वाले दृश्य का सीधा प्रसारण देख रहे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। भारत के कई राज्यों में सुनीता विलियम्स की -**शेष पृष्ठ दो पर**

### मोदी, बिरला ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर जताई खुशी, दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुनीता विलियम्स, साथ लौटे अंतरिक्ष यात्रियों और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सुनीता और अंतरिक्ष स्टेशन के साथी यात्रियों की वापसी पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्रू-9, आपका स्वागत है! पृथ्वी को आपकी याद आई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक संदेश में कहा कि नासा और क्रू-9 मिशन की सुरक्षित वापसी के पीछे की अविश्वसनीय टीम को हार्दिक बधाई!

# UPI से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

शाह टाइम्स ब्यूरो



- केंद्र सरकार ने गूगल पे के मुकाबले यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी
- व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेन-देन के लिए प्रति लेन-देन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यूपीआई से पेमेंट लेने पर कारोबारियों को बड़ा फायदा होने वाला है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। इसमें भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया गया। सरकार ने यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव (प्रोत्साहन) योजना शुरू की है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और कम मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दरअसल,वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन जो किसी व्यक्ति से व्यापारी या मर्चेंट यानी पीटीएम को किए गए हैं, उनको बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी है। यह योजना एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी। सरकार इस योजना पर लगभग 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सरकार का उद्देश्य वित्त वर्ष 2024-25 में 20,000 करोड़ का लेन-देन पूरा करना है। पेमेंट सिस्टम ठीक रखने वालों की मदद करना। छोटे शहरों और गांवों तक यूपीआई को फैलाना। सिस्टम को चालू रखना और खराबी कम करना। सरकार डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पहले, रूपे डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट जीरो कर दिया गया था। अब, इस नई इंसेंटिव योजना से दुकानदारों को यूपीआई पेमेंट लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार के मुताबिक दुकानदारों के लिए आसान, सुरक्षित और तेज पेमेंट मोड आज के जमाने में यूपीआई है। इससे पेमेंट करने पर आपके साथ ही पैसे सीधे बैंक खाते में आएंगे। बिना किसी अतिरिक्त खर्च के यूपीआई सर्विस का लाभ मिलेगा। डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड बनेगा, जिससे लोन मिलने में आसानी होगी। वहीं, ग्राहकों के लिए आसानी से पेमेंट करने की सुविधा, कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी देते हुए इसके लिए 3400 करोड़ रुपये का व्यय निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र घटक के रूप में संशोधित मिशन का क्रियान्व्यन 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है, जो 2021-22 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कुल 3400 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मिशन के साथ दो नई गतिविधियां जोड़ी गई हैं। पहली गतिविधि में कुल 15000 बछियों के लिए सुविधाओं के निर्माण को लेकर बछिया पालन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत का 35 प्रतिशत एकमुश्त सहायता का प्रावधान है। दूसरी गतिविधि में किसानों को उच्च आनुवंशिक योग्यता (एचजीएम) आईवीएफ बछिया खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

### आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला विकास गिरफ्तार

**कानपुर।** उप्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) को गुप्त जानकारी साझा करने के आरोप में कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पिछली 13 मार्च को फिरोजाबाद में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी रवीन्द्र कुमार को पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को खुफिया जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में एटीएस को सूचना मिली थी कि कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर में जूनियर वर्क्स मैनेजर पद पर कार्यरत कुमार विकास भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये नेहा शर्मा के संपर्क में है और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय जानकारी उसे भेज रहा है।

### यौन शोषण के आरोपी सीतापुर सांसद जेल से रिहा

**सीतापुर।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिनों बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए बाहर निकले। सीधे फॉर्च्यूनर में बैठे और आवास पहुंच गए। यहां पत्नी और घरवालों से मिले, तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। सांसद ने कहा कि मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी।

# 'आप' नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और बड़ा केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में घोटाला किया, एंटी करप्शन ब्यूरो का आरोप, सात करोड़ रिश्वत ली

**नई दिल्ली।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 'आप' नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपये के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है।

ज्वॉइंट कमिश्नर और एसीबी चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए बीईएल पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी। सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टाल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे। जांच के दौरान बीईएल के एक अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई। आगे के सबूतों के लिए पीडब्ल्यूडी और बीईएल के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अगस्त 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने में हुई देरी के कारण बीईएल पर ये जुर्माना पिछली आप सरकार ने लगाया था।

# बदायूं में मासूम की हत्या के दोषी को होगी फांसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अदालत ने महज चार महीने में सुनाई सजा
- एक लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**बदायूं।** उप्र में बदायूं जिले की विशेष अदालत ने सात वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास में विफल रहने पर उसकी हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट दीपक कुमार यादव की अदालत ने मामले की सुनवाई महज चार महीने में पूरी कर दोषी को फांसी की सजा और एक लाख 75 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह एवं प्रदीप भारती ने बताया कि यह पूरा मामला बिल्सी कस्बे का है जहां 18 अक्टूबर 2024 को सात वर्ष की बच्ची अपने घर से सब्जी लेने गई थी और वापस नही लौटी। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस ने एक खंडहर नुमा मकान से बच्ची का शव बरामद किया था। बिल्सी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी जाने आलम की पहचान कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में कोर्ट ने चार महीने में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी जाने आलम को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 175000 का जुर्माना भी लगाया गया है।

# बिल गेट्स ने की भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की



**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।

श्री नड्डा ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में हुई इस मुलाकात में गेट्स फाउंडेशन के साथ साझीदारी में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता के क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों की सराहना की। श्री गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के साथ साझीदारी करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने निदान और दवाओं की लागत को कम करने, दुनिया भर में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम करने में भारत द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्ष साझीदारी को जारी रखने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के ज्ञापन को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हैं।



# राज्यसभा में गडकरी व खड़गे में चले शब्दबाण

## विकास के लिए फंड नहीं: कांग्रेस, मेरे काम में कोई अड़चन नहीं: गडकरी

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी में खूब शब्दबाण चले। खड़ने पूरक सवाल में केंद्रीय सड़क और परिवहन मामलों के मंत्री पर आरोप लगाया कि विकास के लिए उनके पास फंड नहीं है और उन्हें हर काम के लिए पीएम कार्यालय की अनुमति लेनी होती है। खड़गे के सवाल पर नितिन गडकरी ने साफ कहा कि उन्हें जो अधिकार दिए गए हैं, उसमें कोई अड़चन नहीं है। इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच हल्का वाद-विवाद भी हुआ।

खड़गे ने पूरक सवाल में कहा कि मैं मंत्रीजी को शायद इतने पत्र लिख चुका हूं। प्रधानमंत्री को भी बहुत से पत्र लिखे हैं। बार-बार यहां उठाना और कहना, अच्छा नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि हर तीन महीने या छह महीने पर एक पत्र लिखता रहता हूं। पीएम को भेजता रहता हूं, मैं सराहना करता हूं कि कुछ काम है तो आप बुलाकर भी काम करते हैं। कोई नया स्कीम आता था तो पूछते थे। गुलबर्ग से बेंगलुरु , शोलापुर से बेंगलुरु के सड़कों को लेकर कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आग्रह भी किया। मीटिंग भी किया, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले आपके पास जब पावर था, तब रोड



का काम तेजी से होता था, लेकिन अब काम में देरी होती है। अब हर काम के क्लीयरेंस के लिए पीएम ऑफिस जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आपके पास पैसे नहीं है। उसके लिए भी पीएम ऑफिस के तरफ देखना पड़ता है, लेकिन पता नहीं ये बात कितना सही है या नहीं है कि आजकल राष्ट्रीय सड़कों के नंबरिंग का काम भी पीएमओ ही करता है। फंड असम के प्रोजेक्ट को दिए होंगे। फंड इसके पास नहीं है, काम है, उसको नहीं दे रहे हैं। कहते हैं कि आप जमीन दो, मैं काम करूंगा। कम से कम जितने भी काम हैं, कंप्लीट करें। इस पर नितिन गडकरी ने जवाब दिया कि कोई हाइवे को नंबर देने की फाइल पीएम को नहीं जाती। प्रधानमंत्री ने मुझे नियुक्त किया है। मुझे जो उन्होंने अधिक.ार दिया है, मेरे उस अधिकार के काम में कोई भी अड़चन नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सड़कों के निर्माण में दिक्कतें जमीन अधिग्रहण को लेकर है।

# यूपी में 16 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आईपीएस के तबादले और नई जिम्मेदारी दी गई है। इनमें 16 अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ, प्रयागराज सहित अन्य जिलों के16 आईपीएस अधिकारियों का तबा.दला कर दिया गया है। इनमें कुछ अधिकारियों को उसी जिले में प्रमा.ेशन देकर दूसरी जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अलीगढ़, गोरखपुर और आजमगढ़ से अफसरों को दूसरे जिलों में नई जिम्मेदारी के साथ तबा.दला किया गया है।

आईपीएस अंजलि विश्वकर्मा जो कानपुर नगर की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) थीं, अब उन्हें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एडीसीपी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शैव्या गोयल नोएडा कमिश्नरेट की एडीसीपी बनी हैं। ये भी पहले यहां एसीपी थीं। इसके अलावा आईपीएस आदित्य आगरा कमिश्नरेट एडीसीपी बन गए हैं। आईपीएस कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद ग्रामीण के अपर पुलिस अधिक्षक बन गए हैं। अनंत चंद्रशेखर जोकि आजमगढ़ के सहायक पुलिस अधीक्षक थे, इन्हें चंदौली का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस किरन यादव लखनऊ की एसीपी थीं, उन्हें अब लखनऊ का ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक अमृत जैन बन गए हैं। पहले यहीं पर अमृत प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक थे। वहीं, अंशिका वर्मा दक्षिणी बरेली की अपर पुलिस अधिक्षक बनाई गई हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के अमरेंद्र सिंह एडीसीपी बन गए हैं। इससे पहले ये मुरादाबाद में सहायक पुलिस अधीक्षक थे।

# राष्ट्र सर्वोपरि रखकर लक्ष्य हासिल करें

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के लोगों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें।

सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खालथग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे



प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है, जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खालथग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। सिंह न केवल तवांग बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वोत्तर के लिए उन्होंने जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलता पूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा कि हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा 'अनुच्छेद 370' को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया। रक्षा मंत्री ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनीता की वापसी पर खड़गे हुए खुश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तथा उनके साथी यात्री की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी उपलब्धियों पर पूरी मानवता को गौरव है। खड़गे ने कहा कि पृथ्वी पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। कांग्रेस की ओर से, मैं नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ आपकी सुरक्षित और सफल वापसी पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपके सुरक्षित समापन ने भारत के 1.4 अरब नागरिकों को राहत और उत्साह की भावना दी है, जिन्हें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपकी लचीलापन और उत्कृष्ट प्रतिबद्धता दुनिया भर के अंतरिक्ष उत्साही लोगों के लिए एक गहन प्रेरणा के रूप में काम करती है और मानवीय उपलब्धियों का प्रमाण है।

### राहुल से मिले एलआईसी एजेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) एजेंटों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर आज यहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने के साथ ही रामलीला मैदान में जबरदस्त प्रदर्शन कर सरकार से जीवन बीमा संबंधित हाल में किए गए बदलावों को वापस लेने की मांग की। एलआईसी एजेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार अखिल भारतीय यूनियनों के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में गांधी से मुलाकात की और कहा कि सरकार ने एजेंटों के प्रति न्याय नहीं कर रही है और उन पर शिकंजा कस रही है, जिसके कारण उन्हें दिक्कत हो रही है। उन्होंने गांधी से सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया और कहा कि जो नए नियम थोपे गए हैं उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

### श्रीनगर में संदिग्ध आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार सुबह संदिग्ध देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज पूर्वाह्न नौ बजे के करीब 'सन सेट प्वांइट' के नजदीक बांदीपोरा-श्रीनगर राजमार्ग खोलने के दौरान सुरक्षा बलों ने यह संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया। तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया तथा राजमार्ग पर यातायात की आवा.जाही को बंद कर दिया गया।

## हमें नम्बर नहीं देखना, क्वालिटी पर फोकस होना चाहिए: योगी

# जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटलरग की जानी चाहिए। इसके तहत जिला स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी



- सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया व विभिन्न विभागों और परियोजनाओं की परफोरमेंस की जानकारी ली

सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपे.रेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा।

### प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनपीए लेने वाले डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस किए जाने की सूचना पर नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं जिनमें बलरामपुर जिले में दस, हाथरस में छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी शामिल है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

### भाजपा राज में महिलाएं असुरक्षित:सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और महिला सुरक्षा का मुद्दा सिर्फ भाजपाई नारों में सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। हर दिन जिलों-जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। महिला सुरक्षा और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। कानून व्यवस्था और अपराधों पर जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार में महिला कर्मचारी और अधिकारी ही उत्पीड़न का शिकार हैं। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा को लेकर कई काम हुए थे। वीमेन हेल्पलाइन 1090 सेवा शुरू की गई थी, जिसे महिलाएं अपने साथ होने वाली घटनाओं शिकायत करके सुरक्षा मांग सकती थी, लेकिन भाजपा सरकार में सब बर्बाद कर दिया। इसी तरह से इस सरकार में डायल 100 सेवा को भी खराब कर दिया। उन्होंने कहा सपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शुरु हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

# ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर इकरा हसन ने पूछे सवाल

नई दिल्ली, वार्ता

शामली जिले की कैराना सीट से समाजवादी पार्टी सांसद इकरा हसन चौधरी ने संसद में महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े मामले में कई सवाल करते हुए पूछा कि ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया? महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और नाबालिगों के शोषण से जुड़े ऑनलाइन अश्लील कंटेंट को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? क्या सरकार देश में लिंग आधारित हिंसा पर ऑनलाइन अश्लील कंटेंट के प्रभाव पर रिसर्च कर रही है? बच्चों को सोशल मीडिया ऐप सहित ऑनलाइन अश्लील कंटेंट तक पहुंचने से रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? क्या सरकार अश्लील कंटेंट दिखाने वाली वेबसाइट और ऐप के लिए सख्त सामग्री मॉडरेशन और जवाबदेही शुरू करने की योजना बना रही है?

उनके सवालों पर जवाब देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों का मकसद लोगों को सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सेवा देना है। आईटी एक्ट-2000 में इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील कंटेंट को प्रकाशित या प्रसा.



- इन पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया?
- आईटीएक्ट में सजा का प्रावधान: अश्विनी

रित करने के लिए सजा का प्रावधान है। बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट दिखाने वालों के खिलाफ भी कठोर सजा का प्रावधान है। इसके अलावा सिनेमैटोग्राफ एक्ट-1952 और सिनेमैटोग्राफ नियम-1983 के तहत अच्छा और स्वस्थ मनोरंजन सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी सभी तरह की फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को कंट्रोल करता है। इसके अलावा क्यूरेटेड कंटेंट के ऑनलाइन प्रकाशकों के लिए आईटी नियम-2021 ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट के प्रकाशकों के लिए आचार संहिता निर्धारित करता है, जिन्हें आमतौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म के रूप में जाना जाता है।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स, पावर, रियल्टी और सर्विसेज समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक उछलकर 75,449.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 2.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,107.00 अंक और स्मॉलकैप 2.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,009.89 अंक हो गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 4166 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में लिवाली जबकि 1033 में बिकवाली हुई, वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 172 अंक अंक की तेजी लेकर 75,473.17 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,201.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली के बल पर दोपहर तक यह 75,568.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,301.26 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत की बढ़त लेकर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 41 अंक बढ़कर 22,874.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,807.95 अंक के निचले जबकि 22,940.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,834.30 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.52, जोमैटो 2.34, पावरग्रिड 2.27, अल्ट्रासिम्को 2.01, इंडसइंड बैंक 1.56, एलटी 1.46, अदानी पोर्ट्स 1.23, एनटीपीसी 1.13, एसबीआइ 1.09, रिलायंस 0.72, बजाज फाइनेंस 0.66, एक्सिस बैंक 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.62, भारती एयरटेल 0.52, टाटा मोटर्स 0.31, एशियन पेंट 0.28 और आईसीआईसीआई बैंक 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

## सिंगापुर में यूपीआई के लिए साझेदारी

**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतर्राष्ट्रीय ईकाई एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने सिंगापुर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) स्वीकृति का विस्तार करने के लिए सिंगा.पुर स्थित फुल-स्टैक पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी हिटपे के साथ साझेदारी की है। एनपीसीआई ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह साझेदारी भारतीय यात्रियों को पर्यटक आकर्षण, रेस्तरां, खुदरा दुकानों और अन्य जगहों पर क्यूआर कोड-आधारित भुगतान करने की सुविधा प्रदान करेगी। 2024 में 12 लाख से अधिक भारतीयों ने लसगापुर की यात्रा की। इस साझेदारी के साथ, एनआईपीएल का लक्ष्य सिंगापुर की यात्रा करने वाले भारतीयों को एक परिचित भुगतान अनुभव प्रदान करना है। यूपीआई स्वीकृति को सिंगापुर में 12,000 से अधिक व्यापारियों के लिए क्रमिक रूप से शुरू किया जाएगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 28 रिंगिट बढ़कर 4633 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की तेजी के साथ 42.58 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, वहीं मसूर दाल 100 रुपए और मूंग दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी



दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिक्ष में...** सुरक्षित वापसी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं और पटाखें फोड़कर खुशियों का इजहार किया गया। इसी के साथ क्रू-9 एस्ट्रोनॉट्स की पृथ्वी पर वापसी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक लाइव अपडेट में कहा कि स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल फ्रीडम की 17 घंटे की यात्रा ग्रह की परिक्रमा करने के बाद, फ्लोरिडा तट के पास पैराशूट सहायता प्राप्त स्प्लैशडाउन के बाद पूरी की। नासा के अनुसार सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आईएसएस पर नौ महीने से अधिक समय बिताने के बाद पृथ्वी पर लौटे, जबकि एक अन्य अमेरिकी एस्ट्रोनॉट निक हेग और एक रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को सुनीता विलियम्स और विल्मोर के प्रतिस्थापन के रूप में 16 मार्च को आईएसएस के साथ डॉक किए गए स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन क्राफ्ट पर भेजा गया था। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के वैज्ञानिकों ने ड्रैगन क्राफ्ट से उतरते ही जोरदार खुशी के साथ स्वागत किया और उन्हें सभी मेडिकल सुविधाओं के साथ तैयार किए गए नावों में ले जाया गया। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 से आईएसएस पर थे, जब बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान, जिस पर वे अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण कर रहे थे, में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। स्प्लैशडाउन से ठीक पहले, नासा ने एक्स पर पोस्ट किया, नासा एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में पृथ्वी पर लौट रहे हैं। क्रू9 स्प्लैशडाउन 5:57 बजे ईटी (2157 यूटीसी) के लिए लक्षित है। सुश्री विलियम्स और बुच विलमोर जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण करने के लिए गए थे और एक सप्ताह से अधिक समय तक अंतरिक्ष अभियान पर रहे। लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। तब से, सुश्री विलियम्स आईएसएस पर रहीं, प्रतिस्थापन शटल की प्रतीक्षा कर रही थीं जो पृथ्वी पर वापस आ गई थी। नासा ने पोस्ट किया क्रू9 का डीऑर्बिट जलना शुरू हो गया है। आठ मिनट के थ्रस्टर फायर के बाद, इसने स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा तट के पास अपने अंतिम स्प्लैशडाउन साइट पर एक सटीक ट्रेजेटरी पर रखा। उतरने से पहले, सुश्री विलियम्स और श्री विलमोर को बहुत जरूरी आराम करने की हरी झंडी दे दी गई, नासा मिशन कंट्रोल ने उन्हें अपने कंसोल पर परेशान न करें फ्लैग चालू करने की अनुमति दी। वे कई रिकॉर्ड और मील के पत्थर के साथ घर चले गए।

**यूपीई से...**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर तिमाही पर बैंक स्वीकृत दावा राशि का 80 फीसदी बिना किसी शर्त के वितरित करेंगे। जबकि 20 फीसदी राशि का भुगतान कुछ शर्तों के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि छोटे व्यापारियों को यूपीआई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक छह लेन के ग्रीनफील्ड हाईस्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 4500.62 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना जेएनपीए बंदरगाह (एनएच 348) (पगोटे गांव) से शुरू होगी और मुंबई-पुणे राजमार्ग (एनएच-48) पर समाप्त होकर मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-66) को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि नया छह लेन ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट कॉरिडोर बेहतर बंदरगाह कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इससे सुरक्षित और कुशल माल ढुलाई में मदद मिलेगी। यह परियोजना मुंबई और पुणे के आसपास के विक.ासशील क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगी।

# स्थगन प्रस्ताव की गरिमा समझें सदस्य: बिरला

- लोस अध्यक्ष ने संसद सदस्यों से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज गंभीर विषयों पर ही स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देने का सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि आम मुद्दों और राज्यों से संबंधित विषयों पर नोटिस देकर इसकी गंभीरता को कम नहीं करें।

बिरला ने प्रश्नकाल के बाद कई विपक्षी सदस्यों के कार्यस्थगन प्रस्ताव संबंधी नोटिस को अस्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। उन्होंने कहा कि कहा कि वे सदन में नोटिस आने से पहले उसे सार्वजनिक रूप से मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित नहीं करें। उन्होंने सदन की गरिमा का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अध्यक्षों द्वारा दी गई व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि कार्यस्थगन प्रस्ताव बहुत ही असाधारण प्रावधान है जो सरकार का ध्यान तत्काल एवं लोक महत्व के मामलों की ओर आकर्षित करने के लिए लाया जाता है। इससे जुड़ा विषय तत्काल और सार्वजनिक महत्व का होना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव तब तक स्वीकार नहीं होता, जब तक सरकार संविधान और कानून द्वारा निर्धारित कर्तव्यों का पालन करने में विफल नहीं हो। उन्होंने कहा कि कि कई सदस्य रोजाना नोटिस देते हैं और कई बार तो राज्य के विषयों पर नोटिस देते हैं। यह प्रयास स्थगन प्रस्ताव की गंभीरता और उसके महत्व को कम करेगा। यह भी देखा गया है कि एक ही राजनीति दल के सदस्य अलग अलग विषय पर सूचना देते हैं। अध्यक्ष की इस व्यवस्था को लेकर जब विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई तब उन्होंने कहा कभी भी अध्यक्ष के निर्देश को सदन में चुनौती नहीं दी जानी चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Clpzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@clpzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर ने बीड़ी कारोबारी से 25 लाख की डिमांड की

## शक होने पर कारोबारी ने पुलिस बुलाई, फर्जी इंस्पेक्टर व उसके साथी को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर ने बीड़ी कारोबारी के कारखाने में छापा मारकर 25 लाख रूपये की डिमांड की। जिस पर कारोबारी ने इतनी बड़ी रकम न होने की बात कही। जिस पर फर्जी इंस्पेक्टर ने कहा कि उसके पास जितने पैसे है वह उन्हें दे दे बाकी बाद में। फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर की बातों पर बीड़ी कारोबारी को कुछ शक हुआ तो उसने बराबर के कमरे में जाकर डायल 112 को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा शक के आधार पर फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर व उसके साथी को पकड़कर थाने ले गयी। जहां पुलिस उन दोनों से गहरी पूछताछ कर रही है।

मामला बस्ती के मोहल्ला नई बस्ती स्थित एक बीड़ी कारखाना का है। कारखाना स्वामी मोहम्मद आरिफ के मोबाइल नंबर पर पांच दिन के दो मोबाइल नंबर से कॉल आ रही थी। कॉल करने वाली व्यक्ति खुद को दिल्ली से सीबीआई का इंस्पेक्टर बताता था। मोहम्मद आरिफ से कहता था शिकायतों के आधार पर प्रधानमंत्री कार्यालय से कारखाने व घर पर छापा मारने का आदेश मिला है। लगातार आ रहीं कॉल को लेकर मोहम्मद आरिफ काफी दिन से परेशान होने के साथ मानसिक रूप से तनाव में थे।लिहाजा उन्होंने मोबाइल बंद कर लिया था। मंगलवार शाम को मोबाइल खोला तो फिर से कॉल आनी शुरू हो गई। बुधवार सुबह कॉल आई और उसने कहा कि सीबीआई इंस्पेक्टर भपेंद्र सिंह रावत नौगावां सादात पहुंच रहे हैं। अगर कार्रवाई से बचना चाहते हो तो 25 लाख रुपये देने होंगे। दोपहर में एक व्यक्ति उनके कारखाने पहुंच गया तथा उसने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर भूपेंद्र रावत बताया। सीबीआई के सीओ के नाम वाला एक फर्जी पत्र भी दिखाया। जिसमें बीड़ी कारखाना पर छापा मारने का आदेश था। भूपेंद्र ने 25 लाख की मांग की तो बीड़ी कारोबारी आरिफ ने पैसे का इंतजाम न होने की बात कही। भूपेंद्र ने जितने पैसे हैं उतने देने और बाकी बाद में देने की बात कही। शक होने पर आरिफ ने दूसरे कमरे में जाकर डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम भूपेंद्र रावत निवासी गांव बैलोड़ी थाना सतवुली जिला पौढ़ी गढ़वाल उत्तराखंड बताया। जबकि फरार होने वाले साथी का नाम संतोष कुमार निवासी गांव देवराड़ी थाना सतवुली जिला पौढ़ी गढवाल बताया। बताया कि उनके साथ कस्बा नौगावां सादात के दो लोग भी इस मामले में शामिल हैं। चारों का मक्सद बीड़ी कारोबारी को डरा धमकाकर पैसे वसूल करना था। फिलहाल पुलिस आरा. ेपी से पूछताछ कर रही है। कारोबारी की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

# बेर तोड़ने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

## 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बेर तोड़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिगड़ते हालात संभाले। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। विवाद दो अलग-अलग बिरादरी के बीच का है।आरोपियों में महिलाएं भी शामिल हैं।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव उकसी में ललित कुमार शर्मा और अनुसूचित जाति वर्ग के छत्रपाल का परिवार रहता है। मंगलवार शाम खेतों पर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते एक दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।छत्रपाल की पत्नी प्रवेश का आरोप है कि वह अपनी बेटी शगुन के साथ जंगल में घास काटने गई थी। इस दौरान उसकी बेटी शगुन ने ललित शर्मा की बेरी के पेड़ के नीचे से एक बेर उठा लिया। बस इसी बात को लेकर रमेश शर्मा ने डंडा मार दिया। प्रवेश ने जब इसका विरोध किया तो उसे भी पीटा। जानकारी मिलते ही प्रवेश के परिजन मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि रमेश शर्मा, उनका बेटा सुनीता, अमित, विन्नी, पुनीत और गुड्डू ने उनके साथ भी मारपीट की। जबकि, ललित कुमार शर्मा का आरोप है कि घटना के समय वह परिजनों के साथ खेत पर काम कर रहे थे। तभी छत्रपाल सिंह, रणवीर सिंह, राजू सिंह, मनीष सिंह और उनकी पत्नियों ने ललित कुमार शर्मा और उनके परिजनों के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। पूरी घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही।

# देश में नफरत का जहर बो रही बीजेपीः मुनकाद

## जल्द बसपा संगठन का विस्तार करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने कहा कि बसपा की पदेश में चार बार सरकार रही। परन्तु एक भी प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट के आवास पर बसपा संगठन की बैठक हुई। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनकाद अली ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश में जन्मे महापुरूषों की विचारधारा को लेकर चल रही है। आज देश व प्रदेश का जो माहौल है धर्म के नाम पर सरकारें काम कर रही हैं। साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश मे चार बार सरकार बनी। बहिन मायावती के नेतृत्व में साम्प्रदायिक सौहार्द नहीं




बिगड़ा। जाति धर्म के साथ भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन का जल्द ही विस्तार किया जाये तथा कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुटें। बैठक में जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, इमरान खान, ओमकार सिंह, महेश गौतम, श्रीकृष्ण गौतम, अजीम राजपाल सिहं, अभय सिंह, संजय कुमार,अजब सिंह, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# हार्टअटैक आने से ट्रक चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ट्रक चालक की हार्ट अटैक आने से शौचालय में मौत हो गई। ट्रक चालक का भाई शव को बिना कानूनी कार्यवाही किये हुए अपने साथ घर ले गया।

मंगलवार की रात जनपद अमेठी के थाना गौरीगंज के गांव बाबूगंज निवासी आलम पुत्र दोस्त मोहम्मद मेरठ से नमक भरकर फैजाबाद को ट्रक में ले जा रहा था। ग्राम सिहाली जागीर में मामा ढाबे पर ट्रक चालक रुक गया था। वह शौचालय को चला गया। जब काफी देर तक वह नहीं लौटा तो अन्य लोग उसे देखने के लिए पहुंचे तो शौचालय में उनका शव पड़ा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि हार्ट अटैक आने के कारण उनकी मौत हो गई। खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गये। होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया लेकिन वहां पर कुछ नहीं मिला। ट्रक चालक के भाई शकील रजा ने बताया उसके भाई की मौत हृदय गति रुक जाने के कारण हुई है। वह कार्रवाई नहीं चाहता है। उसके बाद चालक के शव को उसका भाई अपने साथ बिना कानूनी कार्यवाही किये हुए घर ले गया।

# गोली लगने से घायल बदमाश साथी संग पकड़ा

## बीते दिन खेड़ा अपरौला में लूटपाट करने पहुंचे थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगावां सादात पुलिस ने मंगलवार को गोली लगने से घायल युवक को उसके साथी समेत गिरफ्तार कर लिया है। वह अपने तीन साथियों के साथ गांव के अड्डे पर एक दुकान में लूटपाट करने आया था। अंटी से तमंचा निकालते समय ट्रेगर दबने से फायर हो गया तथा गोली उसे खुद ही लग गई थी। जिस पर योजना में सफल नहीं हो सके थे। पुलिस ने दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

मंगलवार दोपहर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अपरौला के अड्डे पर बाइक सवार युवक अंटी से तमंचा निकालते समय गोली लगने से घायल हो गया था। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जबकि युवक के हाथ की दो उंगली वहीं कट कर गिर गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश



शुरू कर दी थी। उधर मंगलवार को हुई इस घटना के लगभग आधा घंटा बाद क्षेत्र के गांव नालू खुर्द निवासी जुनैद से डायल-112 पर काल कर सूचना दी कि उसके दोस्त को बदमाशों ने गोली मार दी है। लिहाजा लोकेशन पर पहुंची पुलिस ने गांव खेड़ा निवासी घायल नाजिम को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जानकारी मिलने पर थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची तथा नाजिम के हाथ में गोली लगी देख सारा मामला समझ में आ गया। उपचार के बाद नाजिम व जुनैद से पूछताछ की गई तो उन्होंने पुलिस को सच्चाई बता दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नाजिम व जुनैद ने अपने साथी नासिद निवासी नालू खुर्द व साहिल निवासी मुहल्ला अतरपुरा थाना गजरौला के साथ अपरौला के अड्डे पर दुकानदारों से लूट की योजना बनाई थी। नाजिम पहले पहुंच गया था तथा बाकी तीनों युवक चंद कदम दूरी पर थे। तमंचा निकाल कर नाजिम को हवाई फायरिंग करनी थी ताकि दहशत फैल जाए। परंतु गोली नाजिम के लगने से योजना विफल हो गई थी। फिर चारों लोग वहां से भाग गए थे। बताया कि दोनों ने तमंचा व कारतूस बाग में दबा दिए थे। जिन्हें बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है। फरार नासिद व साहिल को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गन्ने से भरा ट्रक पोल से टकराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गन्ने से भरे ट्रक की टक्कर से उच्च शक्ति विद्युत लाइन का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। स्थानीय निवासियों की सूचना पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति को बंद किया गया। उसके बाद यातायात चालू हो सका।

नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे से लेकर मंडी समिति तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते एक साइड यातायात चलाया जा रहा है। बुधवार की दोपहर किसी समय अमरोहा दिशा की तरफ से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक ने उच्च शक्ति विद्युत लाइन के पोल में टक्कर मार दी। जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण उसे समय के लिए यातायात रुक गया स्थानीय निवासियों द्वारा इसकी सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दी गई तो सूचना मिलते ही विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति को बंद कर दिया गया। जिसके बाद अमरोहा मार्ग पर यातायात शुरू हो गया।

# रालोद किसानों की पार्टीः राठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रालोद के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कृष्णपाल राठी ने कहा कि एक मात्र पार्टी उनकी है जो किसानों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष करती है।

रालोद रूहेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह के कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव कृष्णपाल राठी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह से लेकर अजीत सिंह व जयंत चौधरी ने हमेशा किसानों को उनका हक दिलाने का काम किया है। आज भी अगर कहीं किसानों के साथ उत्पीड़न होता है तो उनकी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इसके लिए संघर्ष करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधनसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर अशोक चौधरी, सतेन्द्र सिंह, देवेश चोहान, प्रशांत ओलख, अजय चौधरी, ध्रूव चौधरी आदि मौजूद रहे।



# छात्रा से गैंगरेप में चार को उम्रकैद की सजा

## अदालत ने दो लाख 40 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। छात्रा से गैंगरेप की वारदात में पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों पर 2.40 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। दरिंदगी के बाद से ही चारों जेल में थे। तमाम कोशिश के बाद भी जमानत नहीं मिल सकी थी। पीड़िता के गर्भ में पल रहे बच्चे और एक दोषी का डीएनए टेस्ट में मिलान हो गया था।

अक्तूबर 2019 की वारदात डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। यहां रहने वाले एक किसान की 12 साल की बेटी उस वक्त कक्षा छह की छात्रा थी। वारदात वाले दिन वह खेत से घास काटने गई थी। उसी दौरान गांव के रहने वाले मुरारी, सत्येंद्र, विनोद और सुमेरी उर्फ सुम्मेरी ने उसके साथ गैंगरेप किया था। इतना ही नहीं चारों ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया था और आपत्तिजनक फोटो भी खींच लिए थे। जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर बाद में भी उसका शारीरिक शोषण करते रहे थे। हद ये थी कि छात्रा गर्भवती हो गई थी। 15 मार्च 2020 को किसान ने मुरारी, सत्येंद्र, विनोद और सुमरी के खिलाफ गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद से ही चारों जेल में है। तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें जमानत नहीं मिल सकी थी। मामले छात्रा और आरोपियों का डीएनए भी कराया गया। जिसमें एक दोषी और छात्र के गर्भ में पल रहे बच्चे के डीएनए का मिलान हो गया था। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमलता त्यागी की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी ने की। बुधवार को कोर्ट ने इस केस की आखिरी सुनवाई की, पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्य के आधार पर मुरारी, सत्येंद्र, विनोद और सुमेरी उर्फ सुम्मेरी को दोषी करार दिया। चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 2 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। आरोपी जमानत पर थे।

# आज हर क्षेत्र में कर्मठता से स्वयं को सिद्ध कर रही हैं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 12 दिवसीय सम्मान पखवाड़ा (8 मार्च से 19 मार्च) 'मातृशक्ति सम्मान समारोह-2025' का बुधवार को शानदार तरीके से समापन हुआ। समारोह में मातृशक्ति के सम्मान में विश्व. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ समेत विभिन्न शानदार प्रस्तुतियाँ देकर इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालीं महिलाओं को पटका, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया 'मातृशक्ति सम्मान समारोह पखवाड़ा-2025' के समापन समारोह का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रति कुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी,

**■ श्री वैंक्टेश्वर विवि में महिला सम्मान पखवाड़े का समापन**

मुख्य अतिथि गुरुकुल कन्या चोटीपुरा की संस्थापिका आचार्य डॉ.सुमेधा दीदी, विख्यात साहित्यकार व वेंकेटेश्वरा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ.मधु चतुर्वेदी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचि. चव डॉ.पीयूष पाण्डे आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक राष्ट्रपति पद पर महामहिम द्रोपदी मुर्मू एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महाम. हिम आनंदी बेन पटेल का आसीन होना इस बात का परिचायक है कि आज भारत में महिलायें शिखर पर स्थापित हैं। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी



ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ' एवं 'नारी शक्ति वंदन' जैसी शानदार महिला सशक्तिकरण योजनाओं से आज विख्यात अन्तरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. सुनीता विलियम्स, स्व.कल्पना चावला, वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण, पीटीउषा, एमसी मैरीकाम, मनु भाकर, साईना नेहवाल, आनंदी बेन पटेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में महिलाऐं शीर्ष पर विरा. जमान हैं। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, सीएफओ विकास भाटिया, डॉ.राजेश सिंह, डॉ.योगेश्वर शर्मा, डॉ.आशुतोष सिंह, डॉ.ओम प्रकाश गोसाई, डॉ.राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. सर्वानन्द साहू, डॉ. एलएस रावत, डॉ.मोहित शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि समेत अने. कों लोग उपस्थित रहे।






















## एक नजर

### दुकानदार से मारपीट, सामान भी बाहर फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव सिहाली मेव में दुकानदार के साथ मारपीट करने और दुकान का सामान फेंकने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने घटना से संबधित वीडियो भी वायरल किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिहाली मेव में इकरार अहमद का परिवार रहता है। इकरार अहमद गांव में ही चाऊमीन, डोसा, बर्गर की दुकान लगाता है। मंगलवार को दोपहर लगभग ढ़ाई बजे गांव के ही दबंग लोगों ने उसकी दुकान का सारा सामान फेंक दिया। इकरार ने जब इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, दुकानदार ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को भी दी थी। फिर पीड़ित को जान से मारने की धमकी मिली तो बुधवार को शाम चार बजे इकरार ने घटनाक्रम से संबधित एक वीडियो वायरल किया है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 24 हजार लेकर भी जमा नहीं किया बिल

**हसनपुर**। ग्रामीण ने बिजली कनेक्शन कटवाने एंव बिल जमा करने के नाम पर 24000 रिश्वत देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पट्टी निवासी विकास यादव पुत्र सुरेश ने थानाध्यक्ष रहरा को तहरीर देकर कहा है कि उसने घरेलू कनेक्शन कटवाने व बिल जमा करने के लिए बिजली विभाग के जेई से संपर्क किया था। उसका आरोप है कि उसने जेई को 14000 दिये थे। जब 10000 की रिश्वत उसने कार्यालय में दी थी। ग्रामीण का कहना है कि वह जब भी जेई से अपना काम करने के लिए कहता है तो वह टाल मटोल कर देता है। अब पैसे वापस करने से भी इंकार कर रहा है। और साथ ही उन्हें धमकी दी है की तेरे खिलाफ कार्रवाई करवा दूंगा। पीड़ित ग्रामीण ने जांच कर रिश्वत लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# रमाबाई महाविद्यालय के 29 वें क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ

## खेल बढ़ाते हैं जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावनाः प्राचार्य , 1000 मीटर दौड़ में लवकुश व साक्षी राघव अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में 29वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन से हुआ। बुधवार को मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा स्थल पर तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन छात्रा श्रेया तोमर ने सरस्वती वंदना एवं काजल व शिवानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.एमए गौरी व अन्य अतिथियों का बैच व कैप लगाकर स्वागत किया। मार्च पास्ट की सलामी के बाद छात्रा झलक चाहल ने खेल भावना की शपथ दिलाई। पूर्व छात्र चैम्पियन विक्रांत भाटी व पूर्व छात्रा चैम्पियन रोशनी ने मशाल दौड़ की शुरूआत की। प्राचार्य ने कहा कि खेल जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं, उन्होंने प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएं दीं। आयोजन सचिव डॉ. अजय कुमार ने प्रतिभागियों से बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान मंडलाध्यक्ष डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, प्रो.(डॉ.) इन्द्रदेव सिंह, डॉ.नम्रता वर्मा, डॉ.



■ गजरौला।रमाबाई महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ करते प्राचार्य व अन्य

संदीप कुमार, डॉ.चंद्रवीर सिंह, मनमोहन वर्मा, धन सिंह रवि, डॉ.शशि सोलंकी, सीमा सिंह, डॉ.संयम, नेहा अग्रवाल समेत आसिफ, मेराज हसन, हरपाल सिंह, सुनील कुमार, शशि देवी, धर्मेन्द्र, कुलदीप कुमार समेत निर्णायक मंडल में देवेन्द्र कुमार, डॉ.संजीव कुमार, डॉ. रामौतार, अमित कुमार, रीना कुमारी, डॉ.रोहताश आदि मौजूद रहे। पहले दिन बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सलमान, नवनीत कौशिक व चंकी और 800 मीटर में लवकुश, राजकुमार व भुवनेश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 1000 मीटर दौड़ में लवकुश प्रथम व रिंकू द्वितीय रहे। लम्बी कूद में सुहैल, राजेश व गुरविंदर और गोला प्रक्षेपण में सलमान खान, अनस व अमन कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ में उदीशा, प्राची, व आस्था, और 800 मीटर में उदीशा, रोशनी व प्राची और 1000 मीटर में साक्षी राघव, मंतशा व अनामिका नागर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद में उदीशा, पायल नागर व मुस्कान और गोला प्रक्षेपण में झलक चाहल, रोशनी व निशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# हिस्ट्रीशीटर दोस्तों ने दिल्ली में लूटे थे साढ़े छह लाख

## दिल्ली पुलिस ने मोहल्ला कुरैशी किए बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के हिस्ट्रीशीटर दोस्त दिल्ली में अंजाम दी गई लूट की बड़ी वारदात में शामिल थे। मंगलवार को दोनों को साथ लेकर पहुंची दिल्ली पुलिस ने मोहल्ला कुरैशी में अलग-अलग घर से डेढ़ लाख रुपये बरामद किए। स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में अपनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस दोनों को अपने साथ वापस ले गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी मुशाहिद उर्फ भतीजा व शाहरुख वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं। अमरोहा पुलिस रिकॉर्ड में दोनों कुख्यात हिस्ट्रीशीटर हैं। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों इन दोनों ने दिल्ली में एक कारोबारी को गोली मारने के बाद दिनदहाड़े 6.50 लाख रुपये लूटने की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था हालांकि सुराग लगते ही पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी कर ली थी लेकिन इनके पास से लूटी गई रकम की रिकवरी नहीं हो सकी थी। पूछताछ में दोनों ने ही पैसे अमरोहा शहर स्थित घर में छिपाकर रखे होने की बात कही थी। लिहाजा, दिल्ली के गोकुलपुरी थाने में तैनात एसआई सागर नवदीप व एएसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस टीम दोनों को लेकर अमरोहा पहुंची। आमद दर्ज कराने के बाद नगर कोतवाली पुलिस को साथ लेकर मोहल्ला कुरैशी पहुंची। यहां गली नंबर 6 के सामने स्थित मुशाहिद के घर से 1 लाख रुपये तथा थोड़ी दूरी पर ही स्थित शाहरुख के घर से 50 हजार रुपये बरामद किए। बाद में कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस दोनों को अपने साथ वापस दिल्ली ले गई। चर्चा है कि पुलिस को घर के भीतर से दो-तीन तमंचे भी मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि लूट के एक मामले में रिकवरी के लिए दिल्ली के गोकुलपुरी थाना पुलिस ने आमद कराई थी। साथ में शहर में रहने वाले दो हिस्ट्रीशीटर भी थे। निशानदेही पर दोनों के घरों से नकदी बरामद हुई है।

# एफसीआई गोदाम के सामने ट्रक चालकों में नोंकझोंक, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के औद्योगिक चौकी क्षेत्र में स्थित एफसीआई गोदाम पर बिना नंबर के ही चावल व गेहूं लादने के लिये ट्रक चालकों में होड़ मच गई। एक दूसरे से आगे निकलकर जल्द पहुंचने की जिद में वे आपस में नोंकझोंक भी करने लगे। इस कारण काफी देर तक एफसीआई गोदाम के सामने से गुजर रही सड़क पर भी ट्रक व केंटर खड़े रहे। आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो चालकों ने अपने वाहनों को सड़क से हटाया, हालांकि पुलिस ने ऐसी घटना की जानकारी से इंकार किया है। बता दें

**■ सड़क तक पहुंची वाहनों की कतार, बिना नंबर के ही गेहूं चावल लोड करने की रही होड़**

कि बुधवार की दोपहर में एफसीआई गोदाम के सामने कई ट्रक व कैंटर बेतरबीब खड़े थे और इस कारण सड़क भी पूरी तरह से बंद हो गई थी। मामला था कि बिना नंबर के ही चालक अपने वाहन लेकर एफसीआई गोदाम से लौडिंग करने जा रहे थे। पहले जल्दी पहुंचने के चक्कर में चालकों ने यातायात नियमों का खूब उल्लंघन किया। एक दूसरे से काफी नोंकझोंक भी की। हालांकि यहां से



गुजरने वाले वाहन चालकों व आसपास के लोगों ने उन्हें नसीहत दी तो उन्होंने अपने वाहन सड़क से हटाए। हालांकि औद्योगिक चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

# लापता किशोरी छह साल बाद दिल्ली से बरामद

## 2019 में अचानक घर से हो गई थी लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छह साल पहले लापता हुई किशोरी को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। एएचटी थाना पुलिस ने उसे बरामद किया तो वह दो साल की बेटी व पति के साथ खुशी से जिंदगी गुजारती मिली। बुधवार को अमरोहा लाकर उसे अदालत में पेश कर बयान दर्ज कराए गए हैं। छह साल बाद बेटी के मिलने पर स्वजन भी गदगद हैं। उन्हें बेटी के वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। परंतु पुलिस ने उन्हें नाउम्मीद नहीं होने दिया।

यह मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान की 16 साल की बेटी फरवरी 2019 में अचानक घर से लापता हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका सुराग नहीं मिला था। पहले तो स्वजन ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन बाद में पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा तरमीम कर लिया था। छह साल के भीतर पुलिस व स्वजन किशोरी को तलाश कर थक चुके थे। स्वजन ने बेटी को मृत मान कर उसके लौटने की उम्मीद छोड़ दी थी। वहीं पुलिस ने भी चार्जशीट दाखिल कर दी थी। परंतु अब एसपी अमित कुमार आनंद ने इस मामले को गंभीरता से लिया तथा एएचटी थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक रमेश सहरावत को किशोरी की बरामदगी के संबंध में निर्देश दिए थे। लिहाजा थाना पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। एक महीना तक तथ्यात्मक रूप से मामले की पड़ताल करते हुए आखिरकार पुलिस को इस मामले में सफलता मिल ही गई। उसे दिल्ली से बरामद कर लिया गया। परंतु किशोरी अब बालिग हो चुकी है तथा वह दिल्ली में पति व दो साल की बेटी के साथ रह रही थी।

# एसडीएम ने किया तहसील का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने तहसील का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें साफ-सफाई की व्यवस्था के अलावा रिकोर्ड रूम, तहसीलदार कोर्ट पर पहुंच व्यवस्थाओं को ध्यानपूर्वक देखा। उन्होंने लंबित पड़े मुकदमों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील के वार्षिक निरीक्षण करने पहुंची एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कई विभागों का निरीक्षण किया। पत्रावलियों की जांच की। इसके बाद रिकोर्ड रूम में रखे बस्तों के साथ तहसील में पोर्टल की लंबित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करते हुए लंबित पड़े पुराने मुकदमों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान तहसील में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर उसे दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। करीब दो घंटे चले एसडीएम द्वारा निरीक्षण में ज्यादातर चीजें ठीक मिलीं। जिससे तहसीलकर्मियों ने राहत की सांस ली

# बच्चों पर कोई विषय जबरन न थोपा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के संविलियन विद्यालय बांसका कलां में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिर्घथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि छात्र छात्राएं मन लगाकर शिक्षण कार्य करें ताकि वह सफलता को प्राप्त कर सके। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों को कोई विषय जबरन न थोपें बल्कि उनकी रूचि अनुसार शिक्षण कार्य करने पर जोर दें जिसमें उनकी रूचि हो। कार्यक्रम में खेलों में मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा रूबी और छात्र रिहान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, वरिष्ठ संकुल शिक्षक गौतम सिंह,इंचार्ज अध्यापक सुरेंद्र व्यास, जसवीर सिंह,ओमप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमरोहा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेशीय मंत्री डॉ.जीपी सिंह एवं जिलाध्यक्ष स.गुरुनाम सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक वीपी सिंह से मिला, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक से विस्तार से वार्ता हुई। वार्ता में प्रमुख रूप से शिक्षकों के अवशेष एरियर का भुगतान और अधतन स्थिति, नवीन पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित शिक्षकों के जीपीएफ खाता खोलने संबंधी तथा एनपीएस के खातों को अधतन अपडेट करने के साथ साथ विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की गई।

**■ शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण की मांग**

जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि जिनकी अनुमन्यता प्राप्त हो गयी है, शीघ्र ही खातों में एरियर की धनराशि 31 मार्च से पूर्व अवश्य ही हस्तांतरित कर दी जाएगी। जीपीएफ के खाते खुलने के लिए विद्यालयों को जल्द ही पत्र निर्गत करके पत्रावलियां मंगवा कर शीघ्र ही अगली कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधि मण्डल में कृष्ण पाल सिंह, अतुल कुमार शर्मा, बालक राम, विनोद कुमार आदि शिक्षक पदाधिकारी मौजूद थे। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने बताया कि 19 मार्च से संगठन ने प्रदेशीय आह्वान पर अपनी



मांगों के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन कार्य किया। सरकार से मांग की कि हमारी मांगों को दो माह में पूर्ण करें, जिनमे पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21, 18 और 12 को पुनः स्थापित, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा शामिल हैं।

# बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** डॉ.भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक बैठक में कार्यसमिति के विस्तार पर चर्चा करते हुए कई पदों पर मनोनयन किया गया। बुधवार को समिति के कोषाध्यक्ष सभासद देवेश कुमार के आवास मोहल्ला छेबड़ा में

**■ नवगठित कार्यसमिति का किया गया विस्तार**

आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर केपी सिंह, संजीव कुमार ठेकेदार, नितिन कुमार, इंद्रपाल सिंह, मोहित कुमार मनोनीत किए गए। मंत्री पद पर जयप्रकाश सिंह, प्रशांत सागर , विजेंद्र सिंह, शिव कुमार को चयनित किया गया। इसी के साथ भीम बहादुर सिंह को मीडिया प्रभारी, आशीष चंद्र को संगठन मंत्री तथा अजीत कुमार सिंह को संयुक्त मंत्री मनोनीत किया गया। शोभायात्रा के संयोजक सुंदरलाल एडवोकेट,



सहसंयोजक आदेश कुमार अमरोही, जॉनी कुमार व अंकित कुमार को बनाया गया। समिति के अध्यक्ष वरण सिंह ने सभी नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने की सभी से अपील की। सभा की अध्यक्षता सभासद देवेंद्र कुमार भगत व संचालन महामंत्री महेश कुमार योगाचार्य ने किया। सभी ने एक स्वर में संगठित होकर डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाने का संकल्प लिया।

# लूट का खुलासा न होने पर दी आंदोलन की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव की शिक्षिका पत्नी के साथ दस दिन पूर्व हुई लूट की घटना के खुलासे की मांग को लेकर अधिवक्ताओं के द्वारा उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 72 घंटे में खुलासा न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

नगर के मुहल्ला होली चौक निवासी भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त की शिक्षिका पत्नी रिशु गुप्ता अपनी दोनों बेटियों के साथ 9 मार्च को गजरौला जा रही थी। उनके साथ ईको सवार बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दे दिया गया। लुटेरे उन्हें गजरौला मार्ग पर छोड़कर भाग गये स। घटना के 10 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा लूट का खुलासा नहीं किया गया। जिससे अधिवक्ता समाज में भारी रोष व्याप्त है। घटना के खुलासे की मांग करते हुए बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन द्वारा उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव एवं पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंप दिया। 72 घंटे में घटना का खुलासा करने की मांग की गई। इसी के साथ अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है की घटना का खुलासा नहीं किया गया तो अधिवक्ता समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एसोसिएशन के एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, श्योराज राणा, दिनेश गुप्ता, बार महासचिव मदन कुमार, उपाध्यक्ष मौ० नवेद ,उपसचिव प्रशासन संजय सिंह, वरिष्ठ सदस्य रवि शंकर शर्मा,पूर्व अध्यक्ष गंगासरन, नरेशपाल सिंह, वीर सिंह प्रजापति, महावीर सिंह,महिपाल सिंह, सुबोध शर्मा, सुनील भटनागर, मेघराज सिंह,डॉ इसरार खां, आफताब आलम, विजेंद्र गहलोत, अरविंद शर्मा, फतेह सिंह केशव प्रजापति, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।



■ हसनपुर।सीओ को ज्ञापन सोंपते अधिवक्ता।

# छात्र ने गणित प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अमरोहा के बुढ़नपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को आयोजित गणित की मॉडल प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र गजरौला के गांव चौबारा स्थित संविलियन विद्यालय के छात्र

**■ चौबारा के संविलियन विद्यालय में अध्ययनरत है छात्र**

ने अबेकस विधि द्वारा 'बड़ी से बड़ी संख्याओं के जोड़ को सही बताने' में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने कक्षा 07 के



छात्र आलेख के प्रयास की सराहना की और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र की इस उपलब्धि में विद्यालय की सहायक अध्यापक गीता वर्मा का सहयोग रहा। गीता वर्मा ने बताया कि नवाचार के माध्यम से उन्होंने छात्रों को यह विधि सिखाई है।

# सड़क के लेबिल से हो अंडरपास का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** गंगा एक्सप्रेस वे के अंडरपास को सड़क के लेबिल से कराने की मांग को किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उझारी-बुरावली मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस वे अंडरपास का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को कई दर्जन किसान यहां पहुंचे। उन्होंने अंडरपास का निर्माण उझारी-बुरावली मार्ग के लेबिल से कराये जाने की मांग की। उनकी मांग था कि बरसात में अंडरपास के नीचे जलभराव की समस्या हो जाती है गांव के बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग को अनुसना किया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो अंडरपास का निर्माण भी रोक देंगे। इस दौरान दर्जनों किसान मौजूद रहे।



# होली के बाद लगने वाले मेले में बार-बालाओं का अश्लील डांस का वीडियो हुआ वायरल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव चिर्रा में होली के बाद दो दिवसीय फूल डोल मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें गांव के आसपास के लोग होली मिलन भी करते हैं जहां बीती रात्रि मेले में प्रशासन की बिना अनुमति के पुलिस की सह पर सह पर वार बालाओं का अश्लील गानों पर डांस हो रहा था जिसका वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट पर वायरल कर दिया इंटरनेट पर वायरल वीडियो पर तब पुलिस हरकत मे आई बीती मंगलवार की रात्रि वही बार वालों का डांस देखकर दर्शक यही वाली लूंगा यही वाली चूगां इस गाने की फरमाइस को पूरी करानेघ के लिए स्टेज पर चढ़कर दो दर्शक आपस में भिड़ गए सूचना पर पहुंची पुलिस डांस पार्टी स्थल पर पर भगदड मच गई जहां बाल बलाओं का डांस चल रहा था पुलिस को देखकर मेले में भगदड मच गई पुलिस ने अश्लील डांस पार्टी को बंद करा दिया क्षेत्र में चर्चा है वनी हुई है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और डांस पार्टी को बंद कर दिया था।

# ट्रेन से कटकर 60 वर्षीय वृद्ध की हुई मौत





**शीशपाल सागर, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** बुधवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के पुरवा खेड़ा दबतोरी के बीच रेलवे ट्रैक पर एक 60 वर्षीय वृद्ध की टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर हुई दर्दनाक मौत। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हम आपको बता दें कि आज बुधवार को लगभग 4:00 बजे के समीप बिसौली कोतवाली क्षेत्र के पुरवा खेड़ा व दबतोरी के बीच में रेलवे ट्रैक पर ग्राम बावेपुर निवासी ओमपाल उम्र 60वर्ष की टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची बिसौली थाना पुलिस ने मृतक ओमपाल के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया बताया जाता है कि मृतक ओमपाल अपने बच्चों के साथ मुरादाबाद रह रहा था जो की एक माह पूर्व ओमपाल अपने घर आया था और आज ओमपाल की अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

# बकाया अदा न करने पर बिल्सी में 100 कनेक्शन काटे

## तीन लाख रुपये से अधिक हुए जमा, अभियान से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** राजस्व वसूली अभियान के तहत बुधवार को बिजली विभाग की टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चला कर 30 लाख से अधिक की बकाया होने पर 100 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए जबकि तीन लाख रुपए से अधिक की राजस्व वसूली भी की है। बिजली विभाग के इस अभियान से बकाया अदा न करने वाले उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है। यह अभियान 31 मार्च तक लगातार जारी रहेगा।

अधिशासी अभियंता नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय उपकेंद्र के अवर अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ आज बुधवार को नगर के मोहल्ला संख्या दो एवं पांच आदि में चेकिंग अभियान शुरू किया। टीम ऐसे उपभोक्ताओं के यहां पहुंची जिन पर दस हजार से अधिक की बकाया चल रही है। टीम के आने की भनक लगने पर बहुत से उपभोक्ता अपने घर के दरवाजे पर ताला ठोक कर इधर-उधर खिसक गए।

अवर अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दस हजार से अधिक के नगर में लगभग तीन हजार से अधिक उपभोक्ता है उन सभी को पहले भी नोटिस दिया गया है। बावजूद इसके उनके द्वारा बकाया अदा नहीं किया गया है ऐसे उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के लिए अभियान चल रहा है। इस दौरान नौ उपभोक्ताओं के मीटर में उखाड़े गए। जिनपर 10 लाख से अधिक बकाया है। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से आवाहन किया है कि वह किसी भी परेशानी से बचने के लिए तत्काल अपनी बकाया अदा कर दें।

यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कनेक्शन कटने के बाद यदि किसी ने लाइन जोड़ ली तो उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इधर बिजली विभाग के अभियान से बकाया अदा न करने वाले बिजली उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है।

# बदायूं में मासूम को मिला इंसाफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रेप में नाकाम होने पर मासूम की हत्या करने वाले दरिंदे को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा। फांसी की सजा सुनाने के बाद फफक कर रो पड़ा आरोपी। कोर्ट के फैसले से खुश नजर आया पीड़ित परिवार। सब्जी लेने घर से निकली थी मासूम तभी आरोपी ने किया था रेप का प्रयास। रेप के प्रयास में नाकाम होने पर ईट से सिर कुचलकर की थी हत्या। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान करते हुए की थी कार्रवाई। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद पकड़ा था दरिंदा। मुठभेड़ के दौरान दरिंदे के पैर में लगी थी गोली। मुठभेड़ में एक सिपाही को भी लगी थी गोली। पूछताछ में आरा. पी ने नशे में होने के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूली थी। मासूम बच्ची ने आरोपी से बंदरो से बचकर गली पार करने के लिए मांगी थी मदद। 18 अक्टूबर 2024 कक्षा तीन की छात्रा के साथ हुई थी हैवानियत। पूरा मामला बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का।

# ग्राम पंचायत मई में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला आया सामने

**शाहिद खान, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** संभल (उत्तर प्रदेश): संभल जिले के ग्राम पंचायत मई, ब्लॉक बनियाखेड़ा में भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कथित तौर पर बताया गया है।

ग्राम पंचायत सचिव विकुल चौधरी पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने पंचायत कार्यालय का कार्य एक अनधिकृत निजी व्यक्ति (प्राइवेट व्यक्ति) से करवाया जा रहा है। जो पूरी तरह से अवैध है। सूत्रों ने बताया है। पंचायत के महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर अनधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर किए जाने का मामला। है सरकारी प्रक्रिया का खुला उल्लंघन, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। ग्राम पंचायत कार्यालय में निजी व्यक्ति की मौजूदगी से सरकारी नियमों की गंभीर अवहेलना।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सरकारी निर्देशों का उल्लंघन: माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोई भी निजी व्यक्ति किसी भी सरकारी कार्यालय में कार्य नहीं कर सकता है। बावजूद इसके, पंचायत सचिव द्वारा नियमों को दर्र. कनार कर मनमानी चल रही है गंभीर चिंता का विषय है।

# किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते दिन बुधवार को कृषि रक्षा इकाई केंद्र आसफपुर गोदाम प्रभारी मुकेश बाबू ने त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी आयोजित की। यह कार्यक्रम जिला बदायूं कृषि उपनिदेशक के निर्देश पर आयोजित किया गया जिसमें कृषि विभागीय गोदाम प्रभारी मुकेश बाबू, विमल कुमार पाठक, ए डी ओ हरिप्रसाद वर्मा, महिपाल गंगवार, बृजेश गंगवार, राहुल यादव व सोनू कुमार सहित क्षेत्रीय किसान मोहकमपुर निवासी अतर सिंह, कंपूटर सिंह, मदन लाल, जयपाल सिंह, ज्ञान सिंह व सुरेंद्र सिंह राठौर आदि कृषकों ने इस किसान संगोष्ठी में हिस्सा लिया। यह जानकारी कृषि रक्षा इकाई केंद्र प्रभारी मुकेश बाबू ने दी।

# पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण का एडीओ पंचायत ने किया शुभारंभ



**शीशपाल सागर, शाह टाइम्स**

**बजीरगंज।** विकास खंड के सभागार में एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक (पीड़ी आई)के प्रशिक्षण का शुभारंभ ए डी ओ पंचायत शशिकांत शर्मा एवं वी डी ओ शैली गोविंल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। प्रशिक्षण के लिए राज्य प्रशिक्षक राजेश कुमार सक्सेना एवं मास्टर ट्रेनर अंजलि द्वारा विस्तार पूर्वक सभी विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने (एल एस डी जी )सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत 17 लक्ष्य के लिए 9 थीमों में कार्य करना है।

मास्टर ट्रेनर अंजलि ने गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल मैत्री गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव आदि के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने पी डी आई एवं एल एस डी जी के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर पंचायत सचिव रमेश चंद्र पाल, अंकुर कुमार, राजेश श्रीवास्तव, प्रवीन पांडे, अभिनव वृंदा तथा ग्राम प्रधानों में रमेश चंद्र (जाट )पूनम, पवन पाठक, मजाहिर खां, भानु प्रताप मौर्य, कृष्ण पाल, सुनीता कुमारी, मुनेश पाल, धनवती, हरिओम आदि मौजूद रहे। यह प्रशिक्षण जिला पंचायती राज विभाग बरेली मंडल उपनिदेशक द्वारा कराया जा रहा है। विशेष सहयोग लव कुमार, कुलदीप सिंह, एवं पंकज सिंह का रहा।

# बिसौली नगर पालिका में हुई ठेकों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर पालिका परिषद ने ठेकों के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी जुटाने का इंतजाम किया है। गत वर्ष की तुलना में होल्डिंग व बुधबाजार ठेके 19 प्रतिशत अधिक में हुए हैं। नीलामी प्रक्रिया में अनेक ठेकेदार शामिल हुए।

नगर पालिका के मीटिंग हॉल में नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव की निगरानी में ठेकों की खुली नीलामी हुई। इस दौरान होल्डिंग लगाने का ठेका इस बार 82000 रुपए में नीलाम हुआ। इसी तरह ठेका शनिवार बाजार 4 लाख 73 हजार रुपए में एवं ठेका सड़क बुद्बाबाजार 4 लाख 50 हजार रुपए में नीलाम हुआ है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनूप राय के अनुसार इस बार तीनों ठीकों से पालिका को 19% की अधिक आय हो रही है।

इस दौरान नगर पालि. का अध्यक्ष अबरार अहमद, अधिशासी अधिकारी अनूप राय, पालिका सभासद दीपक पाठक, एड. अभीक्ष पाठक, तरुण शर्मा, कृष्ण गुप्ता, नीरज रस्तोगी, राजेंद्र दिवाकर, आशुतोष पाठक, लिपिक राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, विकास बाबू आदि उपस्थित रहे।

# मैथिल ब्राह्मण एकता मंच के पदाधिकारी द्वारा किया गया सम्मान

**सुनील कुमार विश्वकर्मा, शाह टाइम्स**

**मुंडिया।** बदायूं बिसौली मैथिल ब्राह्मण एकता मंच के पदाधिकारी सर्वेश मैथिल नरेश मैथिल जयनंदन मैथिल नन्नूराम झा शिशुपाल मैथिल द्वारा जिला अध्यक्ष बरेली के सोमपाल शर्मा को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

इस अवसर पर संस्थापक संजीव भारद्वाज डॉक्टर रूपेंद्र शर्मा शिवकुमार मैथल उमेश चंद्र मैथल पवन शर्मा महेश चंद शर्मा और जगदीश चंद्र शर्मा और अध्यक्ष मुनेंद्र शर्मा व समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।



# भाजपा सरकार हमेशा बगैर भेदभाव के कार्य करती है: दुर्विजय शाक्य

## बिल्सी में शाक्य भवन पर हुआ होली मिलन समारोह: ममता शाक्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** बिल्सी नगर के बदायूं रोड स्थित शाक्य भवन पर बुधवार को भाजपा नेत्री ममता शाक्य द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य मुख्य अतिथि रहे। उन्होनें उपस्थित लोगों से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

शाक्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी लोगों को साथ लेकर काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है। उन्होंने विपक्ष पर भी तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास को लेकर कार्य करने का काम किया है, जबकि प्रदेश में अन्य पार्टियों की सरकार में अपने परिवार के अलावा किसी का भला नहीं होने दिया। उन्होनें कहा कि होली का पर्व प्रेम और श्रध्दा का प्रतीक पर्व है। इससे समाज के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए है कि वह सब लोग आपस में मिल झुलकर साथ रहे। तभी इस पर्व की सार्थकता नजर आएगी।

भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने कहा कि जितनी महिलाओं की सुरक्षा भाजपा की सरकार में है, इससे पहले किसी भी सरकार में नहीं रही है। आज महिलाएं सिर उठाकर अपना जीवन जी रही है। इससे पहले सभी लोगों ने मुख्य अतिथि को 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मौर्य-शाक्य समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर शाक्य. डीएसओ एसपी शाक्य. राकेश शाक्य. पीडी शाक्य. गुड्डू शाक्य, आदित्य माहेश्वरी. विवेक राठी. डा,अरविंद शाक्य, संजीव वार्ष्णेय. डा.बीपी मौर्य. गगन राठी, आशीष शाक्य. प्रमोद गोस्वामी. टिंकू शाक्य. पिंकू श्रीवास्तव. जयवीर शाक्य. राहुल शर्मा. केशव शाक्य आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### 26 मार्च से 05 अप्रैल तक 08 विकासखण्डों में लगेंगे एक दिवसीय रोजगार मेले




**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी सचिन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च से 05 अप्रैल 2025 तक जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ के तत्वाधान में जनपद के 08 विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय रोजगार मेला जी0डी0एक्स सिक्योरिटी कम्पनी प्रा0लि0 नोयडा द्वारा आयोजन किया जा रहा है। इस कम्पनी द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थाई रोजगार दिये जाने हेतु 08 ब्लाकों में पंजीयन शिविर में रोजगार पंजीकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 08 ब्लाकों में जगत, इस्लामनगर, सहसवान, कादरचौक, उझानी, वजीरगंज, दातागंज, अम्बियापुर 100-100 पद रिक्त हैं। 26 मार्च को विकास खण्ड जगत, 27 मार्च को इस्लामनगर, 28 मार्च सहसवान, 29 मार्च कोदरचौक, 02 अप्रैल उझानी, 03 अप्रैल वजीरगंज, 04 अप्रैल दातागंज व 05 अप्रैल को विकास खण्ड अम्बियापुर में होगा। उन्होंने बताया कि कम्पनी में शिक्षित युवकों के लिए हाईस्कूल पास व शिक्षित बेरा. जगारों के लिए नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है।

सिक्योरिटी गार्ड के लिए हाईस्कूल पास उम्र 19 से 45 वर्ष कद 168 सेमी0 वजन 55 किलो0 एवं सुप. रवाइजर पद हेतु योग्यता इण्टर पास व कम्प्यूटर ज्ञान, उम्र 21 से 45 वर्ष होना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने बताया कि शिक्षित बेरोजगारों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करा रही है। अतः समस्त अभ्यर्थियों से अपील है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No UPHIN/2003/11165

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने 51 मरीजों को गोद लेकर वितरित की पोषण पोटली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन क्षय रोग अभियान चलाया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्षा मा0 वर्षा यादव द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 51 टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराई गयीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सभी टी0बी0 के मरीजों को समय से एवं पूरे समय जब तक इलाज कराना चाहिए। मरीज को अच्छा पोषण लेना चाहिए एवं परहेज करना चाहिए जिससे बीमारी जल्दी ठीक हो सके। मरीजों के साथ साथ हम सभी को साफ सफाई से रहना चाहिए व खाँसते एवं छीकते समय नाक एवं मुँह से कपड़ा लगाना चाहिए जिस से समाज में दूसरे लोगों को क्षय रोग ना फैले। मरीज को नाक एवं मुँह से लगाए गए कपड़े को दिन में 2 बार गर्म पानी से धोना चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा 100 दिवसीय कार्यक्रम एवं क्षय रोग के लक्षण, जाँच, एवं उपचार के बारे में बताया गया। जिला पंचायत सदस्य जयपाल सिंह द्वारा सरकार द्वारा स्वास्थ्य के बारे में चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। मा0 पूर्व एम0एल0सी0 जितेन्द्र यादव द्वारा विश्व की सबसे बड़ी आयुष्मान योजना के बारे में बताया गया एवं क्षय रोगियों को पॉजिटिव सोच के साथ रहना चाहिए। अन्य लोगों को स्वेच्छा से टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने की अपील की गयी। कार्यक्रम का संचालन बृजेश राठौर एस0 टी0 एस0 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजू चौधरी, संदीप राजपूत, सूरजपाल यादव, सोमेन्द्र पाल सिंह, नरेन्द्र यादव, सर्वेश कुमार, विमल पाठक, उमाशंकर, रवि कुमार, सूर्य प्रताप राठौर उपस्थित रहे।

# सुदृढ़ीकरण एवं समुदाय जागरूकता उत्सव हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों के अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता प्राप्त करने हेतु पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण भारत सरकार द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्य की संप्राति हेतु पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सुदृढ़ीकरण एवं समुदाय के मध्य उसकी जागरूकता के लिए नगर स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रहमानी लॉन में किया गया। जिसका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र प्रेम सुख गंगवार के द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कबूलपुरा नंबर एक के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को रोचक, समावेशी, और प्रभावी बनाना है इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंदो और प्राथमिक विद्यालय के बीच संबंध में स्थापित किया जाता है ताकि बच्चों के संपूर्ण मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सुख गंगवार ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाएं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए बच्चों को भाषा और गणित में निपुण बनाने का भरसक प्रयास करें पूर्व नगर समन्वयक सरवर अली द्वारा विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उनका क्रियान्वयन किए जाने का सभी से आवाहन किया गया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र बदायूं के शिक्षक, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं बच्चे उपस्थित हुए नगर क्षेत्र बदायूं के निपुण विद्यालय प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के दो बच्चे प्रगति गौतम कक्षा एक, पलक कक्षा दो व विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रिया बंसल प्राथमिक विद्यालय हल्का नंबर 1 के छात्र मोहम्मद आहिल कक्षा एक, अर्ष मोहम्मद व प्रधानाध्यापक हिना तबस्सुम आंगनवाड़ी केंद्र जोगीपुरा की आंगनवाड़ी पिंकी छात्र सिद्धू आंगनबाड़ी केंद्र पटियाली सराय की आंगनवाड़ी शांति गुप्ता, नीलम छात्रा अन्नया एवं आराध्या को संयुक्त रूप से सामग्री प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

# अब महिलाएं व्हाट्सएप व ईमेल पर भी दर्ज करा सकती हैं शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सदस्य महिला आयोग ने जनसुनवाई कर विद्यालयों व जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण 19 मार्च सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता जैन द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिलाओं की सुगमता के दृष्टिगत जनपद बदायूँ में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा हेतु महिला जनसुनवाई का आयोजन पी0डब्लू0डी गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा, बलात्कार से सम्बन्धित सहित कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र जनसुवाई के अन्तर्गत प्राप्त हुये। जिसमें मा0 सदस्या द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण व समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये। मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता जैन ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाश्त न करें। महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा बताया गया कि महिला संबंधी किसी भी शिकायत को राज्य महिला आयोग के टोल फ्री नंबर 18001805220, व्हाट्स एप नंबर 6306511708 अथवा ईमेल नच.ऊीपसंलवह/लीवव.बवउ पर भेज कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती हैं। जन सुनवाई के उपरान्त मा0 सदस्य द्वारा कंपोजिट विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र पड़ौआ, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शेखुपुर बदायूँ का निरीक्षण करते हुए बालक व बालिक. ाओ से बातचीत करके विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें साफ सफाई सही पायी गयी तथा बच्चों से मिड डे मील के भोजन के बारे के पूछा गया। जहॉ पर समस्त व्यवस्था सामान्य पायी गयी तदोउपरान्त मा0 सदस्य द्वारा जिला कारगार बदायूँ में महिला बैरक में महिला बंदियों से वार्ता कर उनका हाल-चाल लिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक नोडल अधिकारी कल्पना जायसवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला परियोजना अधिकारी विशेष गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन कार्यालय का समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट बरेली का किया निरीक्षण

■ एलबीसी तथा एलआरसी का कार्य उचित न पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आयुक्त बरेली मंडल, बरेली सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट बरेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने समस्त पटलों कि कार्य व्यवस्था को बारी-बारी से देखा। निरिक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आयोग से आ रही शिकायतों की पेंडेंसी अधिक है, जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है, अत: संबंधितो को शीघ्रता से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए गए। निरिक्षण के दौरान समस्त संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि कर्मचारियों की सर्विस बुक तथा जीपीएफ पासबुक संभाल के रखी जाए।

निरीक्षण में समस्त संबंधित पटल सहायकों को निर्देश दिए गए कि सभी रजिस्टरों को निरंतर अपडेट किया जाए। निरीक्षण के दौरान पटल सहायकों को पुराने प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित साथ ही जितने भी निरीक्षण हुए हैं उसे रजिस्टर में चढ़ाकर उनकी अनुपालन आख्या भी अंकित करने व एक साल से पेंडिंग होने की स्थिति में है उसे अलग से चढ़ाये जाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जब भी निरीक्षण करें संबंधित पटल सहायक किस पद पर है और वह क्या कार्य देख रहा है इसकी भी जानकारी लें। उन्होंने असलाह रिन्यूवल का कार्य देख रहे पटल सहायक को निर्देश दिए कि शास्त्रों के रिन्यूवल की पेंडेंसी अधिक रहती है, इसमें सुधार किया जाए। निरीक्षण में समय संबंधित एलबीसी कम्प्यूटर पर गाने सुनते पाये गये तथा एलआरसी द्वारा पेंशन प्रकरण एवं रजिस्टर आदि पूर्ण किया जाना नहीं पाया गया, जिस कारण से आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला सहित समस्त कलेक्ट्रेट के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पुराने रोडवेज के पास मिला अधेड़ युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने वाले एक अधेड़ व्यक्ति का शव पुराने रोडवेज के पास पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई, और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार की शाम करीब 04:00 बजे नगर के पुराना रोडवेज बस अड्डा के पास सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की शिनाख्त उत्तराखंड के हल्द्वानी के वनभूलपुरा निवासी सरफराज अहमद पुत्र अकबर अहमद उम्र लगभग 60 वर्ष के रूप में हुई। मृतक यहां रहकर नगर में घूम कर लोगों से भीख मांगता था। बताया जाता है कि मृतक नशे का भी आदी था।


# मुठभेड़ में चोर पुलिस की गोली से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी पुलिस ने एक शातिर चोर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। हालांकि घटना में आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल भी हुआ है। आरोपी पर जिले में कई गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपी फहीम पुत्र रफीक उर्फ महकू है। वह हजियापुर चुंगी थाना बारादरी का रहने वाला है। जानकारी के मुता.बिक मंगलवार रात को बारादरी थाना पुलिस टीम हारूननंगला रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। जब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो आरोपी के दा.हने पैर में गोली लग गई।

आरोपी के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक चोरी का टैबलेट और अवैध तमंचा सहित कई कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरा.पी पेशेवर चोर है और कई बार जेल जा चुका है। वह सुनसान जगहों और बैंकों के आसपास खड़ी कारों के शीशे तोड़कर या लॉक खोलकर चोरी करता है।



# नवाबगंज के अटल आवासीय विद्यालय का सीएम करेंगे उद्घाटन



■ डीएम ने प्रशासनिक अमले के साथ किया दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली पीलीभीत की सीमा पर स्थित अधकटा नजराना में 72 करोड़ की लागत से बने अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करने इसी माह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा अटल आवासीय विद्यालय के उद्घाटन की जानकारी लगते ही जिले के मुखिया डीएम रविन्द्र कुमार बुधवार को सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्राम जा पहुंचे।

सुबह 10 बजे ग्राम पहुंचे डीएम रविन्द्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ जग प्रवेश, एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी यातायात मो० अकमल खान, डीसी मनरेगा, एनएच आदि के साथ यहां पहुंचे। डीएम ने सबसे पहल गाड़ी पार्किंग स्थल का चयन करते हुए खेतों में खड़ी गन्ना और गेहूं की फसलों को कटवाकर पार्किंग स्थल तैयार करने के निर्देश एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को दिए। डीएम ने ग्राम में बन रहे मुंसिफ कोर्ट स्थल पर जनसभा कराए जाने और उसके बराबर में पड़े मिनी स्टेडियम में हेलीपैड बनाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने अटल आवासीय विद्यालय के साथ ही उसके निकट संचालित वृहद गौ शाला मेंस भी जाकर व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गौ शाला और अटल आवासीय विद्यालय के किनारे पौधा रोपण किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने अटल आवासीय विद्यालय के सामने और ग्राम को जाने वाले रास्ते को भी दुरुस्त कराए जाने के निर्देश पीडब्लूडी के अधिकारियों को दिए। अपने डेढ़ घंटे के निरीक्षण के बाद डीएम तो महानगर लौट गए, लेकिन सीडीओ, डीसी मनरेगा, एसडीएम, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य अपने अधीनस्थों के साथ स्थल पर जमे रहे। डीएम ने सभी विभागों को 23 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण किए जाने की मोहलत दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करने ग्राम पहुंचेंगे। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने मुख्यमंत्री से उक्त विद्यालय का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था।

# दरगाह परिसर में मनाया गया 40 वां एक रोजा उर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आज मरकज-ए-अहले सुन्नत बरेली शरीफ में आला हजरत फाजिले बरेलवी के पोते मुफ्ती रेहान रजा खान रहमतुल्लाह अलैह (रहमानी मियां) का 40 वां एक रोजा उर्स दरगाह परिसर में मनाया गया। शाम को सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ, जिसमें दूर दराज के हजारों उलेमा, मशाइख, अकीदतमंदों ने एक ही दस्तरखवान पर दरगाह प्रमुख के साथ इफ्तार किया। उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न हुए।



दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स की शुरआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरानख्वानी से हुई। सुबह 8 बजे महफिल का आगाज तिलावत-ए कुरान से हुआ। नातख्वा हाजी गुलाम सुब्हानी ने हम्द, नात व मनकबत का नजराना पेश किया। इसके बाद दरगाह सरपरस्त हजरत सुब्हानी मियां की सदारत में उलेमा की तकरीर का सिलसिला शुरू हुआ। मुफ्ती अय्यूब खान ने अपने खिताब में रेहाने मिल्लत की जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि सुन्नियत व मसलक-ए-आला हजरत की दुनिया भर में पहचान कराने वाली शख्सियत का नाम रेहाने मिल्लत है। उस दौर में मुसलमानों को जब भी मजहबी, रूहानी, खानकाही, सियासी जरूरत पेश आई आपने उनकी कयादत फरमाई। आप उर्दू जुबान के साथ अरबी व इंग्लिश के माहिर भी थे। आपने एशिया के अलावा यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका आदि के मुल्कों का दौरा कर मजहब व मसलक को फरोग देने के लिए काम किया। आप तलबा (छात्रों) को बुखारी शरीफ का दर्स (शिक्षा) अरबी से अरबी में देते थे। आप बड़े आलिम, मुफ्ती और बेहतरीन शायर भी थे। आपने मुल्क में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए अपनी आवाज हमेशा बुलंद की। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर मुफ्ती जईम रजा व मुफ्ती कलीम उर रहमान कादरी ने फातिहा पढ़ी। मुल्क-ए-हिंदुस्तान में वक्फ संपत्तियों की हिफाजत के अलावा अमन-ओ-सुकून और खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ करते हुए मंजर-ए-इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी ने कहा कि वफ्क संपत्तियां मुसलमानों की धरोहर है। मस्जिदे, कब्रिस्तान, दरगाहे, खानक.ाहे हमारे पूर्वजों की निशानी है। दिन भर गुलपोशी का सिलसिला चलता रहा।

इस मौके पर मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, मुफ्ती मोइनउद्दीन बरकाती, अफरोज आलम, मुफ्ती जमील नूरी, अबरार उल हक, मास्टर कमाल, राशिद अली खान, कासिम कश्मीरी, हाजी अब्बास नूरी, हाजी जावेद खान, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, औररंगजेब नूरी, मंजूर रजा, शान रजा, तारिक सईद, शारिक बरकाती, आदिल रजा, मुजाहिद रजा, अरबाज खान, सुहैल रजा, जोहिब रजा, अब्दुल माजिद, इशरत नूरी, मो. हसिन रजा, गौहर खान, गयाज रजा, जुनैद मिर्जा, सय्यद माजिद, साकिब रजा, साजिद नूरी, नईम नूरी, युनुस गद्दी, इरशाद रजा, सय्यद एजाज, काशिफ सुब्हानी, नफीस खान, शाद रजा, आरिफ रजा, सबलू अल्वी, आसिफ रजा, मुस्तकीम नूरी, समीर रजा, रोमान खान, जावेद खान, समी रजा, निक्की नूरी, अजमल रजा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### मिनी बैंक संचालक ने रैक में रखी नकदी चोरी होने की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मिनी बैंक की रैक में रखी नगदी अज्ञात चोर चुरा ले गया। जब मिनी बैंक संचालक काम निपटाकर मौके पर पहुंचा तो नगदी गायब देख उसके होश उड़ गए। चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

ग्राम मोहनपुर निवासी मुकेश कुमार का कहना है कि ग्राम कनमन में बैंक ऑफ बड़ोदा उ.प्र. के सामने उसकी मिनी बैंक शाखा है। बुधवार की दोपहर वह किसी काम से बैंक गया हुआ था, और उसकी रैक में 45 हजार रूपये रखे हुए थे। उसकी गैर मौजूदगी में अज्ञात चोर रैक में रखी नगदी चुरा ले गया। युवक ने मामले की तहरीर देवरनियां थाने में दी है।

### गॉलब्लैडर कैंसर से निपटने के लिए समय रहते पहचान और रोकथाम है जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** गॉलब्लैडर कैंसर एक मूक लेकिन गंभीर खतरा है, जो अक्सर तब तक पता नहीं चलता जब तक यह उन्नत चरण में नहीं पहुंच जाता, जिससे उपचार अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इस देरी का मुख्य कारण इसके अस्पष्ट और आसानी से नजरअंदाज किए जाने वाले लक्षण हैं, जिन्हें आमतौर पर मामूली पाचन संबंधी समस्या मानकर टाल दिया जाता है। जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जोखिम कारकों को समझना और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों को पहचानना मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार ला सकता है। कई मामलों में गॉलब्लैडर स्टोन्स को निकालने के दौरान बायोप्सी की आवश्यकता होती है। हालांकि गॉलब्लैडर स्टोन्स हमेशा कैंसर का कारण नहीं बनते, लेकिन लंबे समय तक इनके बने रहने से सूजन और कोशिकीय परिवर्तन का खतरा बढ़ जाता है, जिससे कैंसर विकसित हो सकता है। शोध से पता चलता है कि गॉलब्लैडर की समस्याओं, विशेष रूप से पित्ताशय की पथरी से ग्रस्त व्यक्तियों में गॉलब्लैडर कैंसर विकसित होने की संभावना पांच गुना अधिक होती है। चूंकि लगभग 85% गॉलब्लैडर कैंसर के मरीजों में पित्ताशय की पथरी पाई जाती है, इसलिए लक्षण न होने के बावजूद समय पर सर्जरी कराना एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय हो सकता है।मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल साकेत के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ लैप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, बैरिएट्रिक सर्जरी एंड एलाइड सर्जिकल स्पेशलिटीज के चेयरमैन डॉ. प्रदीप चौबे ने कहा कि "न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीकें, जैसे लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी, मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित और प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान करती हैं। ये आधुनिक प्रक्रियाएँ सटीकता सुनिश्चित करती हैं, असहजता को कम करती हैं, तेजी से रिकवरी में मदद करती हैं और बेहतरीन कॉस्मेटिक परिणाम देती हैं। इनके तात्कालिक लाभों के अलावा, ये गॉलब्लैडर स्टोन्स से जुड़ी जटिलताओं, जिनमें कैंसर का खतरा भी शामिल है, को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उपचार में देरी के बजाय प्रारंभिक हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करना अनावश्यक जीवन हानि को रोक सकता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकता है।" गॉलब्लैडर कैंसर के लक्षण अक्सर सूक्ष्म होते हैं और आम पाचन संबंधी समस्याओं के रूप में भ्रमित हो सकते हैं। इनमें लगातार पेट में तकलीफ, विशेष रूप से ऊपरी दाहिनी ओर दर्द, मतली, उल्टी, भूख में कमी, बिना वजह वजन घटना और पीलिया शामिल हैं। इन लक्षणों की अस्पष्ट प्रकृति के कारण अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे निदान और उपचार में देरी होती है। इन प्रारंभिक लक्षणों को पहचानना और समय पर चिकित्सा परामर्श लेना परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार ला सकता है।डॉ. चौबे ने आगे बताया कि "हालांकि गॉलब्लैडर कैंसर के सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन कुछ जोखिम कारकों की पहचान की गई है। गॉलब्लैडर स्टोन्स सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं, हालांकि सभी गॉलब्लैडर स्टोन्स वाले व्यक्तियों में कैंसर नहीं होता। पुरानी गॉलब्लैडर सूजन, कोलेसिस्टाइटिस जैसी स्थितियाँ और कैल्सीफाइड गॉलब्लैडर (पोर्सिलेन गॉलब्लैडर) भी खतरे को बढ़ाते हैं। अन्य जोखिम कारकों में बढ़ती उम्र, महिला होना, मोटापा और पारिवारिक इतिहास शामिल हैं। इन जोखिम कारकों की जानकारी से व्यक्तियों और स्वास्थ्य पेशेवरों को निवारक उपाय अपनाने और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सतर्क रहने में मदद मिलती है।" गॉलब्लैडर कैंसर का निदान भयावह हो सकता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान में प्रगति लगातार उपचार के विकल्पों और जीवित रहने की दर को सुधार रही है। प्रारंभिक पहचान सफल परिणामों की कुंजी है, जो जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व को और भी मजबूत बनाती है। बेहतर समझ और सतर्कता को बढ़ावा देकर, इस अक्सर अनदेखी की जाने वाली बीमारी से कई जीवन बचाए जा सकते हैं।

### दिल्ली पैसेंजर का संचालन हो बहाल: सपा सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आंवला के सांसद नीरज मौर्य ने सोमवार को नई दिल्ली में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र की रेल से जुड़ी कई समस्याएं उठाईं। सांसद ने पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज को वाई शेप में बनवाने के साथ बरेली-दिल्ली पैसेंजर को दोबारा चालू करने और मुरादाबाद-बरेली पैसेंजर रोज चलाने की मांग उठाई। विशारतगंज में रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग 6 बी पर अंडरपास और 6 ए पर फुट ओवरब्रिज बनाने की भी मांग उठाई। सांसद ने कहा कि पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओव.रब्रिज बुखारा मार्ग की ओर उतर रहा है। बायी ओर सिसैया पढ़ेरा मार्ग है मगर उधर की ओर से कोई उतार नहीं किया जा रहा है। ओवरब्रिज वाई शेप में किया जाए तो दोनों मार्गों का रास्ता सुगम हो जाएगा। अन्यथा सिसैया पढ़ेरा मार्ग के लोगों को परेशानी होगी। रेलमंत्री ने इन समस्याओं को लेकर जल्द अफसरों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया है।

# विद्युत शिविर में पौने तीन लाख रुपये के बकाया बिल किए गए जमा

■ 35 बड़े बकायदारों के कनेक्शन काटे गए
■ पांच बकायदारों के मीटर किए गए जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बिजली विभाग के आला अफसरों के निर्देश पर अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में लगाए गए विद्युत शिविर में करीब पौने तीन लाख रुपये के बकाया बिल जमा किए गए, जबकि 35 बड़े बकायदारों के बिजली के कनेक्शन काटे गए और पांच लोगों के मीटर भी जब्त किए गए। बिजली विभाग की इस बड़ी कार्यवाही को लेकर उपभोक्ताओं में खलबली मच गई।

बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला बिलासपुर बस अड्डे के निकट आज बुधवार को आयोजित विद्युत बकाया शिविर में करीब पौने तीन लाख रुपये के बकाया बिजली के बिल जमा किए गए। उसके बाद बिजली विभाग की टीम ने कस्बे के विभिन्न स्थानों पर जाकर चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें बड़े बकायदारों के कनेक्शन काटे जाने की कार्यवाही की गई। बताते चलें कि कस्बे में अभी भी बड़ी संख्या में बिजली के बकायदार हैं, जो काफी समय से बकाया बिल जमा नहीं कर रहे हैं, लेकिन अब बिजली के बड़े अफसरों की बिजली के बड़े बकायदारों पर टेडी नजर है।

यही कारण है कि अवर अभियंता संतोष शर्मा बकाया वसूली किए जाने को लेकर कड़ी मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। जाफरपुर बिजलीघर पर प्रत्येक दिन बकाया बिल जमा किए जा रहे हैं, जबकि कस्बे के प्रत्येक मुहल्ले में यह सुविधा दी जा रही हैं, उपभोक्ता लाभ उठाएं।

## पूर्णागिरी मेले के लिए चार स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मां पूर्णागिरी मेले को लेकर रेलवे की ओर से भक्तों के लिए चार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन 05307/05308 टनकपुर - बरेली-टनकपुर और 05309/10 पीलीभीत-टनकपुर - पीलीभीत को स्थाई रूप से मेला अवधि में बदले समय के अनुसार संचालित किया जाएगा। 05307/8 ट्रेन का संचालन 19 मार्च से 29 जून तक प्रतिदिन होगा। 05309/10 ट्रेन का 19 मार्च से 30 जून संचालन होगा। 55323 पीलीभीत - टनकपुर के संच.ालन में बदलाव किया गया है। यह ट्रेन पीलीभीत से 12:35 की जगह 3:10 बजे चलेगी और शाम को 5 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

## कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली

पत्रांक- मैमो /न०पं०शी०/2024-25 दिनांक- 19.03.2025

**कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शीशगढ़ बरेली नगर पंचायत के एम०आर०एफ० सेन्टर पर एकत्रित सामग्री आदि की नीलामी करना चाहती है। जो भी फर्म/ठेकेदार/कबाड़ी/व्यक्ति पंचायत की सामग्री छट्नीसुदा यथा (पेपर (रद्दी), मिक्स प्लास्टिक, प्लास्टिक कट्टा, कपड़ा, जूता चप्पल, लोहा, टीन, प्लास्टिक बोतल, केन, घरेलू पॉलिथीन, कलर पॉलीथीन, दूध की पॉलीथीन, पैकिंग पॉलीथीन, काँच, एल०ई०डी० बल्ब, ई-बेस्ट, आदि) को क्रय करना चाहती है। वह अपना सील बन्द कुटेशन दिनांक 20.03.2025 से दिनांक 27.03.2025 तक प्रति कि०ग्रा० की दरें से अपरान्ह 2:00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में जमा करें, प्राप्त कुटेशन दिनांक-27.03.2025 को 4:00 बजे अद्योहस्तक्षरी के द्वारा उपस्थित फर्मों/ठेकेदारों के सम्मुख खोले जायेंगे। कुटेशन के साथ 10000/- की धरोहर धनराशि कार्यालय में रशीद के माध्यम से जमा करें, अन्य जानकारी/शर्तें कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़, बरेली में कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

# महिला अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर भड़के अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे की एक दिव्यांग महिला ने एक दिन पहले अपनी ननदों और उनके पतियों के खिलाफ कोतवाली नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसमें एक ननद अधिवक्ता है। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद अधिवक्ता भड़क गए।

बुधवार को एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की हुई आपात काल बैठक में अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट पर कड़ी नाराजगी जताई गई। अधिकतर अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर इसका कड़ा विरोध करने की बात कही। बार के पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने इस मामले में पुलिस से मिलकर इसका समाधान निकाले जाने का सुझाव दिया। बैठक समापन के बाद सभी अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और कोतवाल के अवकाश पर होने की वजह से कल ही कोतवाली पहुंचे इंस्पेक्टर क्राइम आदेश कुमार से मिले और उन्हें महिला अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज किए गए मुक.दमों की जानकारी देते हुए इन्हें निरस्त किए जाने की मांग की। इंस्पेक्टर क्राइम ने इस मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन अधिवक्ताओं को दिया। इसमें संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सुधाकर लाल रस्तोगी, अशर्फी लाल गंगवार, सलमा परवीन जैदी, सुरेश पटेल, संतोष कुमारी, रूवी अंसारी, चंद्रशेखर गंगवार, निजाम हैदर जैदी, विपिन पाण्डे, मो० उमर अंसारी, मुराद अहमद अंसारी, इश्तियाक अली, संजीव गंगवार, महेन्द्र गंगवार आदि शामिल रहे।



## कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली

पत्रांक- 473 /न०पं०शी०/2024-25 दिनांक- 19.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग-9, द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05 टी०सी०-1 दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से लागू करने हेतु नगर पंचायत शीशगढ़, बरेली द्वारा पत्रांक-450/न०पं०शी०/2024-25 दिनांक 22.02.2025 को वार्डवार निर्धारित मासिक किराया दरो (प्रति वर्गफिट) का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व ख्वाजा एक्सप्रेस में कराया गया था। जिस पर आपत्ति हेतु निर्धारित 15 दिवस में पंचायत को कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। नियमावली के प्रस्तर-6(1) के तहत प्रत्यायोजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार मासिक किराया दरों का प्रकाशन किया जा रहा है जो इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से अन्तिम रुप से लागू की जाती है।

**वार्ड वार निर्धारित मासिक किराये की दर (प्रति वर्ग फुट)**

| क्र. सं. | वार्ड का नाम | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर | | | 12-24 मी. तक चौड़े मार्ग पर | | | 9-12 मी. तक चौड़े मार्ग पर | | | 9 मी. से कम चौड़े मार्ग पर | | | भूमि के संबन्ध में स्थिर्ति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर. सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 मी. से 24 मी. अधिक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 मी. से कम चौड़े मार्ग पर स्थिति | 9 मी. तक चौड़े मार्ग पर स्थिति |
| 1. | वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 15 तक समस्त वार्ड | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.30 | 0.25 | 0.20 | 0.20 |

1. अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर, 2.5 प्रतिशत जल निकास कर लागू होगा।
2. उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग-9, द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05 टी०सी०-1 दिनांक 28 जून 2024 की समस्त नियम व शर्तें अन्तिम रुप से लागू की जाती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

# दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरो.पियों के पास से चोरी का मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद किये हैं।

जानकारी के मुताबिक 18 मार्च की शाम को कुलदीप मौर्य खलील.पुर तिराहे से गुजर रहे थे, तभी दो युवकों ने उनका ओप्पो मोबाइल फोन छीन लिया, और भाग गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो मामले की जांच शुरू हुई। सीबीगंज पुलिस ने एक सूचना पर इंद्रा नगर कॉलोनी के पीछे बने मैदान से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान शुलभ सिंह और विजय उर्फ कल्लू के रूप में हुई है। दोनों सीबीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रास्ते में आने-जाने वाले लोगों और बच्चों से मोबाइल छीनते थे।

चोरी के बाद वे सिम कार्ड निकालकर फेंक देते थे और मोबाइल को छिपा देते थे। उन्होंने यह भी बताया कि पकड़े जाने पर लोगों को डराने के लिए चाकू रखते थे। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कर्मचारी न कांटा, ताले भी बंद... कागजी क्रय केंद्रों पर झूठ के ताले

## गेहूं क्रय केंद्र पर नहीं मिले प्रभारी कार्यालय पर भी जड़ा था ताला, शाह टाइम्स की पड़ताल में सामने आई हकीकत

'सुमित अग्रवाल'
**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मण्डी धनौरा।** कागजी क्रय केंद्रों पर झूठ का ताला जड़ा हुआ है। अधिकतर सरकारी गेहूं क्रय केंद्र कागजो में खोल दिए गए हैं जबकि हकीकत बिल्कुल जुदा हैं।हालांकि तीसरे दिन भी कोई किसान खाद्यान्न बेचने नहीं पहुंचा लेकिन पंजीकरण कराने के लिए जो किसान पहुंच रहे होंगे उन्हें शायद वापस ही लौटना पड़ रहा होगा। बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने पड़ताल की तो कई केंद्रों पर ताला लटकता मिला और केंद्र

**■ जबकि दावा है कि 17 मार्च से खोल दिए गए हैं केन्द्र**

थी। क्रय केंद्र प्रभारी के कार्यालय पर भी ताला जड़ा हुआ था। शासन के क्रय केंद्रों पर पॉइंट ऑफ परचेज मशीन के साथ इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छन्ना, पंखा के साथ छाया, पेयजल व प्रसाधन की व्यवस्था का निर्देश है। इन क्रय केंद्रों पर किसानों से सरकार के समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद होनी है। शासन से गेहूं खरीद करने के निर्देश हैं। कागजो में तो मंडी धनौरा क्षेत्र के कुल छह क्रय केंद्र



**मंडी धनौरा।** मंडी समिति परिसर में बने क्रय केंद्र द्वितीय पर जड़ा ताला, बैनर भी गायब।



**मंडी धनौरा।** पार्किंग में तब्दील गेहूं क्रय केंद्र में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली व मशीन



**मंडी धनौरा।** धनौरा में गेहू क्रय केंद्र प्रभारी के कार्यालय पर जड़ा ताला।



**मंडी धनौरा।** बंद पड़ा गेंहू क्रय केंद्र, हवा में फड़फड़ाता बैनर।



**मंडी धनौरा।** गांव चुचैला कला में बंद पड़ा गेहू क्रय केंद्र, बैनर भी नही लग

**मंडी समिति के पीसीएफ गोदाम का हाल**

मंडी धनौरा। मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग पीसीएफ द्वितीय गेहूं क्रय केंद्र गोदाम बनाया गया है। बुधवार को पड़ताल के दौरान यहां भी ताले लगे हुए मिले क्रय केंद्र के बाहर कोई बैनर भी नहीं लगा हुआ था। जबकि अधिकारियों के मुताबिक सुबह 8:00 से शाम 8:00 बजे तक गेहूं क्रय केंद्र खुलने का समय है। और बैनर लगा होना आवश्यक है।

**पीसीएफ गोदाम प्रथम का हाल... हवा में फड़फड़ा रहा था बैनर, जड़े थे ताले**

मंडी धनौरा। नगर के मोहल्ला चामुंडा में लाइंस कन्या इंटर कॉलेज के पीछे पीसीएफ गोदाम प्रथम गेहूं क्रय केंद्र पर हवा में बैनर तो फड़फड़ा रहा था लेकिन गेहूं क्रय केंद्र के गोदाम और प्रभारी के कार्यालय पर ताला जड़ा हुआ था। जबकि परिसर में कुछ निजी व्यावसायिक मशीन और ट्रैक्टर ट्राली खड़ी हुई थी।

**चुचैला कला मे बैनर भी नही, केंद्र पर जड़े ताले और लगे थे जाले**

चुचैला कलां। किसानों से गेहूं की सरकारी खरीद के लिए जिम्मेदार कितने लापरवाह हैं इसका अंदाजा गांव चुचौला कला में बने एफएसएस केंद्र की स्थति से लगाया जा सकता हैं यहां पड़ताल में बुधवार को दोपहर के समय केंद्र पर ताले ओर दीवारों पर जाले जाले लगे हुए मिले किसानों को जानकारी देने के लिए खरीद से संबंधित कोई बैनर भी नही लगा हुआ था। आसपास के लोगों ने बताया कि इस सीजन में अभी तक तो केंद्र नहीं खुला है। और हमने कोई बैनर भी लगा हुआ नही देखा।

संचालक भी नदारद रहे। नगर के मोहल्ला चामुंडा में बने पीसीएफ गोदाम प्रथम क्रय केंद्र पर न काटा था और ना ही कोई कर्मचारी ही मौजूद था बंद पड़ी दुकान पर बैनर तो था लेकिन दरवाजो पर जड़े ताले ड्यूटी कर रहे थे। परिसर में खड़े कुछ निजी वाहन व मशीनें क्रय केंद्र की पहरेदारी कर रही 17 मार्च से खोल दिए गए हैं जबकि हकीकत इससे जुदा हैं। निर्देश हैं कि क्रय केदो पर बैठकर केंद्र प्रभारी किसानों को जागरूक करें इसके साथ ही उन्हें रजिस्ट्रेशन करने के बारे में बताएं और गांवों में जाकर किसानों से संपर्क करें। बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने पड़ताल की। टीम लगभग 2:30 बजे नगर में पीसीएफ गौदाम प्रथम केंद्र पर पहुंची यहां दीवार पर बैनर तो लगा था गोदाम का शटर बंद और क्रय केंद्र प्रभारी के कार्यालय पर ताले जुड़े थे। जबकि चुचौला कला में बने एफएसएस केंद्र पर ताला लगा हुआ मिला आसपास मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि इस सीजन में अभी तक यहां ताला नहीं खुला है ना ही कोई बैनर अभी तक हमने लगा देखा है। मंडी धनौरा में मंडी समिति परिसर

जिले में 38 केंद्रों का चयन हो गया है, प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं, पंजीकरण की संख्या बढ़ाई जा रही है। गेहूं खरीद को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। केंद्र प्रभारियों को सुबह 8:00 से शाम 8:00 बजे तक क्रय केन्द्रों पर बैठने का समय निर्धारित है। किसी भी क्रय केंद्र को बंद नहीं होना चाहिए। यदि कोई क्रय केंद्र बंद हैं या नहीं खुला और बैनर नही लगाया गया हैं तो संबंधित केंद्र प्रभारी से जवाब-तलब किया जाएगा। सभी क्रय केंद्रों पर बैनर लगा होना आवश्यक है।

**अजय प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी**

# खेत में खड़े 100 पेड़ काटे, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मण्डीधनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव पपसरा बांगर में किस के खेत में खड़े 100 पेड़ काट लिए गए किसान ने इसकी शिकायत की तो उसके साथ मारपीट भी की गई। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव पपसरा बांगर निवासी किसान बलविंदर का आरोप है कि उसके गांव के ही सरजीत गुरमीत केजरीवाल ने उसके खेत में खड़े पॉपुलर के

**■ थाना क्षेत्र के गांव पपसरा बांगर का मामला**

करीब 100 पेड़ काट लिए वह इसकी शिकायत करने सरजीत के घर गया तो सरजीत और केजरीवाल ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी बीच बचाव में आई उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## याचिका समिति आज करेगी कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति के सभापति सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में बुधवार शाम बिजनौर से टीम अमरोहा पहुंचेगी। गुरुवार को जिले के अधिकारियों के साथ सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट में बैठक होगी। समीक्षा बैठक के बाद टीम संभल जिले के लिए रवाना होगी। जानक. ारी एडीएम वित्त एवं राजस्व बृजेश कुमार त्रिपाठी ने दी।

## पालिका अध्यक्ष की छवि धूमिल करने का आरोप, डीएम से मिले सभासद



**पीलीभीत।** लगातार नगर पालिका अध्यक्ष की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए पालिका के अधिकतर सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के पक्ष में बुधवार को डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनकी छवि धूमल करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के सभासदों ने जिला. धिकारी संजय कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2023 में जब से पालिका में नए बोर्ड का गठन हुआ है, तब से शहर में काफी बदलाव आया है। कई विकास पहले की अपेक्षा कार्य हुए, सफाई व्यवस्था पहले से अच्छी हुई और पथ प्रकाश व्यवस्था में है। शहर के निवासी भी सुधार आया पालिका के कार्यों की प्रशंसा भी कर रहे हैं। किंतु लगातार नगर पालिका परिषद पीलीभीत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पालि. का के खिलाफ दुष्प्रचार और अनर्गल आरोप भी लगाया जा रहे हैं। पिछले दिनों आपके समक्ष सात बिंदु का पत्र प्रस्तुत किया है। उस संबंध में क्रमवार हम सभी सभासदों का कहना है कि बोर्ड की बैठक में जो भी प्रस्ताव रखे या पारित किए जाते हैं वे नगर के विकास और उत्थान को दृष्टिगत रखते हुए किए जाते हैं। शिकायत में लगे सभी आरोप पूर्ण रूप से निराधार हैं। कुछ लोग लगातार नगर पालिका की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। ज्ञापन देने वालों में सभासद साकेत सक्सेना, सुनीता सिंह, शिवम श्रीवास्तव, श्याम लता, राजेंद्र कुमार, मोहम्मद शरीफ, शबनम, जाहिदा बी, निज़ाकत अली, माया देवी, उषा देवी, इकबाल हजरत, मोहम्मद अनस अंसारी, निर्मल सिंह, सुरेश कुमार, रतना शुक्ला, वतनदीप मिश्रा, विपिन, एहतशाम वली खां आदि थे।

## संदिग्ध हालात में लापता मजदूर की कुएं में मिली लाश, इलाके में सनसनी

**पूरनपुर।** हरियाणा के रोहतक जिले के महम थाना क्षेत्र में 14 मार्च 2025 से लापता मजदूर महेंद्र कुमार (45 वर्ष) का शव 18 मार्च की सुबह एक कुएं में मिला। मृतक पीलीभीत जिले के ग्राम किशनपुर हरीपुर मझरा तारकोठी, तहसील पूरनपुर का रहने वाला था। परिजनों के मुता. बिक, महेंद्र कुमार मजदूरी के लिए हरियाणा गया था, लेकिन 14 मार्च को अचानक लापता हो गया। परिवार ने उसकी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। परेशान परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने एक कुएं में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाला, तो उसकी पहचान महेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि शव की स्थिति संदिग्ध लग रही है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में नाम आने पर परिवारजनों को मिली शुभकामनाएं

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के चार छात्रों के अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में नाम आने पर परिवारजनों, विद्यालय एवं तहसील पूरनपुर का नाम रोशन किया है। परिवारजनों एवं इष्ट मित्रों ने खुशी जताकर छात्रों के घर जाकर मिष्ठान वितरण किया एवं छात्रों को शुभकामनाएं दी। ब्लॉक पूरनपुर क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा के राम. निवास कुशवाहा के पुत्र प्रिंस कुशवाहा गांव के ही विद्यालय में कक्षा आठ में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। छात्र प्रिंस कुशवाहा की माता माया देवी ने बताया कि वह कक्षा 8 में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए काफी दिनों से उत्सुक था। जिससे वह घर पर अथक परिश्रम कर रहा था। छात्र ने यह पहली परीक्षा देकर उपलब्धि प्राप्त की है। छात्र ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने पर जिले की रैंक में दूसरा नाम आने पर परिवारजनों एवं इष्ट मित्रों में रामगोपाल कुशवाहा, रामनिवास कुशवाहा, माया देवी एवं गांव के जनप्रतिनिधियों आदि ने छात्र को मिष्ठान खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों की कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई सरकार द्वारा निःशुल्क दी जाएगी। इसके अलावा गांव दुधिया खुर्द के संजय कुमार की पुत्री अर्पिता कुशवाहा, चंदिया हजारा के उत्तम मंडल के पुत्र अभिषेक मंडल और श्याममल हलधर के पुत्र सूजल हलधर ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर परिवारजनों, गांव, विद्यालय एवं तहसील पूरनपुर का नाम रोशन किया है।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने छात्राओं को वितरित की हाइजीन किट

i|jui|jA इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने ग्राम कैच में जाकर पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कैंच में हाइजीन किट का वितरण किया संस्था के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया अध्यक्ष / जिलाधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में ग्राम कैच में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 40 बच्चों को हाइजीन किट प्रदान करी गई। बच्चों को स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा साफ सफाई के विषय में भी जानक. ारी प्रदान की। टीवी अस्पताल के राजेश गंगवार ने बच्चों को टीवी के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य राजेश गंगवार, सचिव कौशलेंद्र भदौरिया सुखराम, हरप्रीत सिंह, गिरजेंद्र कुमार चांदनी बग्गा, बृजेश कुमार, बबिता मित्तल, नवनीत पाल सिंह, अपूर्वा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कान्हड़ गांव में एक मारपीट के मामले में पुलिस की निष्क्रियता सामने आई है जिसमें दंबगों ने घर में घुसकर हमला किया। पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।


गत 15 मार्च को पीड़ित हरिओम के अनुसार मामूली कहासुनी के बाद गांव के एक युवक ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी 3-4 लोगों के साथ उनके घर में घुस आया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में हरिओम के पैर में फैक्चर हो गया। पुलिस ने घायल हरिओम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। दोघट के इंस्पेक्टर बच्चू सिंह का कहना है कि मारपीट के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# आरोपी महिला के मकान पर पुलिस ने किया नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव रमाला में वीडियो बनाकर वॉयरल करने के मामले में फरार चल रही एक आरा. ेपी महिला के मकान पर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर दिया। पेश ना होने के हालात में मकान की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। थाना रमाला में 10 जुलाई 2023 को मुनेश कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह ने थाना रमाला में छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि यशपाल तोमर, नितिन तोमर, सोनी, रूबी, मुस्तफा और अनीश ने साजिश के तहत उनकी वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। मामले में पांच आरोपी कोर्ट में सरेंडर कर जमानत ले चुके हैं, जबकि सोनी ने अब तक जमानत नहीं कराई। इस पर कोर्ट के आदेश पर बुधवार को इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह पलावत ने उसके घर नोटिस चस्पा किया। बताया कि अब भी पेश नही होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने रमाला में पहुंच कर मकान पर कुर्की वारंट जारी किया है साथ ही महिला की भी तलाश की जा रही है।



# सीएम युवा उद्यमी के तहत पांच लाख तक का लोन लें ब्याज मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स DCC/DLRC व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध बैठक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा जो भी संचा. लित योजनाएं है। उनके लोन में आनाकानी ना की जाए अगर लोन सेंशन हो गया है तो लोन देने में देरी ना की जाए उन्होंने कहा सरकार की ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ व्यक्ति को अवश्य दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा जिन बैंकों पर फाइल लंबित हैं वे बैंक ऐसी फाइलों का त्वरित गति से निस्तारण करें फाइलों का निस्तारण न करने पर जिलाधिकारी ने यह भी हिदायत दी कि ऐसे बैंक प्रबंधकों के खिलाफ कठोरतम और दंडात्मक दोनों ही कार्यवाही की जाएंगी। जिलाधिकारी ने सीडी रेशियों की भी समीक्षा की जिन बैंकों का सीडी रेशियों 40 से कम था उनमें जनपद की पांच बैंक है जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बंधन बैंक, येस बैंक और संेट्रल बैंक सम्मिलित हैं इन्हें सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसमें युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संग इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से लेकर 40 वर्ष के आयु तक के व्यक्ति लाभान्वित हो सकते हैं जिन्हें बिना ब्याज के 5 लाख तक का ऋण दिया जाएगा जिससे कि वह अपना कोई भी सूक्ष्म उद्योग कर सके। इसके लिए शिक्षण योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष की वरीयता होनी चाहिए। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया के लिए एमएसएमई के पोर्टल पर www msme.up.fov.in पर अपने मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बैंकों के स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किया जाएगा। योजना की मुख्य बातें प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है जिसमें प्रथम चरण में 5 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक 100: ब्याज मुक्त कॉलेटरल गारंटी मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस रन को समय से देने पर उन्हें आगे भी 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जा सकता है। 7.50लाख रुपए के ऋण पर 50: ब्याज अनुदान 3 वर्षों तक दिया जाएगा।



# चार युवा बने यूपी पुलिस कांस्टेबल, गांव में हर्ष का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कस्बे के चार होनहार युवाओं ने यूपी पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित युवाओं में शुभम चौधरी पुत्र सत्यवीर चौधरी, रोहित पाल पुत्र बिजेंद्र पाल, सौरभ कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार और प्रियंका पुत्री राजेश शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर बुधवार रटौल शिव मंदिर परिसर में कमेटी के सदस्यों और गणमान्य लोगों की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान चयनित युवाओं और उनके परिजनों को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मास्टर देवेंद्र अरोड़ा, बृजलाल गांधी, मास्टर रामनाथ, बिजेंद्र, संजय अरोड़ा, टीपू कश्यप, मानसिंह, सुरेंद्र, रामबीर, प्रवीण गुप्ता, दिनेश अंबेप्रकाश, रेणु, बबीता, सुंदर, सुनीता महिला समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने युवाओं की सफलता पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।



# निर्वाचक नामावली में विद्यमान त्रुटियों को किया जाए दूर:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने की मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक



**बागपत।** जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामाव. लियों के सम्बंध में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि समस्त अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जायें एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को दूर किया जाये। इस महत्वपूर्ण कार्य में राजनैतिक दलों के सहयोग की आवश्यकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त निरन्तर पुनरीक्षण-2025 का कार्य प्रगति पर है जिसके अन्तर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं संशो. धित कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गयी कि मतदाता सूची, मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों के परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि कोई सुझाव हो तो उसे जिला निर्वाचन कार्यालय या सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## स्वयंसेवकों व स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय को बनाया स्वच्छ

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय छपरौली के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत 'उठें समाज के लिए उठें हम, जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें हम के साथ किया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों और स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## सभी राजनैतिक दल प्रत्येक बूथ पर नामित करें बूथ लेवल एजेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने सभी दल के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी राजनीतिक दल प्रत्येक बूथ पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट(बीएलए) नियुक्त कर दें, ताकि बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची में विभिन्न प्रकार के कार्यों की जानकारी उन्हें समय-समय पर प्राप्त होती रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में सभी मतदाताओं के मोबाइल नंबर अपडेट करा दें, ताकि आयोग द्वारा मतदाता सूची/निर्वाचन कार्यों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गति. विधियों से संबंधित जानकारी मतदाता को उनके मोबाइल नंबर पर



रामपुर। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में शामिल जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों के बारे में भी अवगत कराये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष आलेख प्रकाशित एवं अंतिम प्रका. शित नि:शुल्क मतदाता सूची की छायाप्रति एवं पीडीएफ डाटा उपलब्ध कराया जाता है एवं मतदाता सूची में जोड़े या काटे गए नाम की सूची (प्रारूप 9, 10, 11 व 11 क) का पीडीएफ डाटा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मतदेय स्थल सूची और बीएलओ सूची भी उपलब्ध कराई जाती है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा निरंतर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाताओं के नाम जोड़ने, काटने व शुद्ध करने के लिए 04 तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में मतदाताओं के रूप में दर्ज कुल संख्या 17 लाख 51 हजार 794 है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित पोर्टल 'वोटर हेल्पलाइन एप' के माध्यम से घर बैठे मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना, निवास स्थान परिवर्तन या अन्य संशोधन आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील की है कि सभी बूथों पर अपना बीएलए नामित कर अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने व मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि है तो उसे शुद्ध करने में सहयोग करें। बैठक में समस्त एसडीएम व राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया राजकीय आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



रामपुर। राजकीय आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में लाइब्रेरी की स्थापना का निरीक्षण करते डीएम।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने रामपुर शहर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह विद्यालय मुख्यालय पर स्थित होने एवं आवागमन की सुगमता के दृष्टिगत इसमें लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसमें कक्षा 06 से 12 वीं तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। लाइब्रेरी की स्थापना होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान इस विद्यालय परिसर में वर्ष 2008 में बना एक छात्रावास जर्जर अवस्था में पाया गया, जिसे अभी तक उपयोग में नहीं लाया गया। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को इस छात्रावास की तत्काल मरम्मत कराकर संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को छात्रावास परिसर की प्रतिदिन साफ-सफाई कराने एवं अध्ययनरत बच्चों को मैन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

# बसपा में ही हुआ सर्व समाज का विकास :राम कुमार गुलाब

**( मो.आसिफ अली )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** बुधवार को चमरौधा विधानसभा प्रभारी युनुस के प्रतिष्ठान ग्राम मुरसैना खौद पर बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी राम कुमार गुलाब रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बहन कु.मायावती की आदेश अनुसार सेक्टर कमेटियों का गठन का कार्य चल रहा है सभी महनती और ईमानदार कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह दी जाएगी, और निष्क्रिय लिए कार्यकर्ताओं को पदों से हटाया जाएगा। हम ईमानदारी और मेहनत से सेक्टर कमेटी का गठन कर लेंगे तो आने वाले पंचायत चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का परचम लहराएगा । मुख्य मण्डल प्रभारी ने विधानसभा को चार जोनों में बांट कर पदाधिकारियो को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि बहन कु.मायावती



के शासनकाल को जनता याद कर रही है आने वाले समय बहुजन समाज पार्टी का होगा बसपा के जिला प्रभारी प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी मे सर्व समाज का विकास किया गया था। सभी को सामान समझा जाता था । लेकिन बीजेपी की सरकार में भेदभाव से कार्य किया जाता है । उन्होंने कहा कि सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है गरीब और गरीब होता चला जा रहा है अमीर अमीर होता चला जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित रहे जिले के जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध, पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर ऋषिपाल प्रधान, राजीव अंबेडकर, शैंकी सागर , इसरार अली एडवोकेट, सोनू सागर एडवोकेट, युनुस अली, राजेंद्र सागर, भीम प्रिया, अशोक सागर, विजय सिंह, अमित कुमार, राम भरोसे, गुड्डू अली, मेहरबान, नरेश, अनिल सागर, शेर सिंह सागर आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के नेतृत्व में थाना सैफनी पुलिस द्वारा अभियुक्त हरिओम पुत्र ओमपाल सिंह निवासी मड़ैयांन झाऊ थाना सैफनी जनपद रामपुर के द्वारा साध्वी की आपत्तिजनक पोस्ट अपने यूट्यूब चौनल पर अपलोड किये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बुधवार को उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसमें पुलिस ने जांच की अभियुक्त उपरोक्त के द्वारा साध्वी की किसी अन्य यूट्यूब चौनल के द्वारा। एडिटेड वायरल वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड कर लिया जिसमें वीडियो वायरल होने के उपरांत शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त हरिओम के आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की तथा शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति में कार्यवाही की गई है।

# स्लोवाक गणराज्य के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार से मिले नवेद मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्लोवाक गणराज्य के विद. ेश व यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार से पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने मुलाकात की। दोनों के बीच यह भेंट नई दिल्ली में स्लोवाक गणराज्य के राजदूत रॉबर्ट मैक्सियन के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में हुई। विदेश मंत्री भू-राजनीति व भू-आर्थिकी पर भारत के तीन दिवसीय प्रमुख सम्मेलन रायसीना डायलॉग में भाग लेने के लिए एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली पहुंचे हैं।

नवेद मियां ने बताया कि भारत और स्लोवाकिया के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। स्लोवाकिया का नई दिल्ली में दूतावास है। मुंबई , कोल. काता और बैंगलोर में इसके मानद वाणिज्यदूत भी हैं। भारत ब्रातिस्लावा में एक दूतावास संचा. लित करता है । दोनों राष्ट्र किसी भी द्विपक्षीय समस्या से मुक्त हैं और वे



अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अच्छा सहयोग करते हैं। नवेद मियां और स्लोवाक गणराज्य के विदेश मंत्री के बीच विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने भारत सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।

# रूपये मांगने के लिए हुए विवाद में तीन पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा का रहने वाला प्रेम सिंह पुत्र फूल सिंह ने गांव के ही रहने वाले तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उसका आरोप है कि बीते माह 16 फरवरी को शाम लगभग 6:30 बजे वह शराब के ठेके पर शराब पी रहा था तभी गांव का ही रहने वाला भीमा पुत्र सूरज प्रार्थी से रूपये मांगने लगा जब प्रार्थी ने पैसे देने से मना किया तो भीमा ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करने लगा जब प्रार्थी ने गाली इसका विरोध किया तो भीमा ने प्रार्थी के साथ मारपीट की। मौके पर कल्लू पुत्र सूरज विजय पुत्र कल्लू ,करण पुत्र पने निवास. ीगण ग्राम खेड़ा धारदार हथियार से प्रार्थी व प्रार्थी के भाई के साथ गाली गलौज व मारपीट की जिससे प्रार्थी व प्रार्थी के भाई की चोटें आईं है। पुलिस ने पीड़ित प्रेम सिंह की रिपोर्ट पर केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की कर दी है ।

# महिला से मारपीट करने में दो पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** बुधवार को सैफनी थाना क्षेत्र के गांव भजनपुर की रहने वाली आसमा पत्नी मोहम्मद आसिम ने थाना सैफनी में घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करने की तहरीर दी है जिसमें आसमा का आरोप है कि दोपहर 2 बजे के लगभग बब्बू पुत्र मुमताज व उसका साडू निवासी ग्राम भजनपुर प्रार्थिनी के शोर मचाने पर दोनों लोग जान से मारने धमकी देते हुए भाग गए पुलिस ने बब्बू व उसके साढ़ू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नहाने को लेकर हुए विवाद में छह पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहाबाद/रामपुर।** सरकारी शौचालय में बने स्नानघर में नहाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने पीड़ित की पीड़ित के तहरीर पर छह पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव लश्कर गंज के रहने वाले त्रिवेणी पुत्र नंदराम ने थाना शाहबाद में सरकारी शौचालय में बने स्नान घर में नहाने को लेकर हुए विवाद में गांव के ही रहने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिसमे पीड़ित त्रिवेणी का आरोप है कि दिनांक 15 मार्च 2025 को सुबह लगभग 10:30 बजे त्रिवेणी अपने गांव के बने शौचालय के स्नान घर में स्नान कर रहा था तभी प्रार्थी के गांव के रामकिशन ,सुंदर पाल पुत्रगण बिहारी व धर्मपाल

**झगड़े में घायल हुई महिला जिला अस्पताल रेफर**

लीलाधर ओमवीर पुत्रगण रामकिशन व जसपाल पुत्र रामचंद्र आ गए और प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे और कहने लग कि हम गांव के प्रधान हैं हम तुझे इस स्नान घर में स्नान नहीं करने देंगे।

प्रार्थी को गन्दी गंदी गाली देने लगे प्रार्थी ने इसका का विरोध किया तब तभी विपक्षियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट की प्रार्थी ने शिकायत करने को कहा और धक्के देकर प्रार्थी को बाहर भगा दिया तभी उपरोक्त विपक्षीगण अपने हाथों में सरिया लाठी डंडे लेकर प्रार्थी घर के अंदर घुस आए और प्रार्थी को मां बहन की गालियां देने लगे प्रार्थी ने गालियां देने को मना किया तब सभी लोगों ने मारपीट की की चीख पुकार की आवाज सुनकर प्रार्थी की पत्नी ओमवती और प्रार्थी के लड़के की पत्नी गीता पत्नी देवपाल, डोली पत्नी महेश रीना पत्नी राजवीर आ गए तब रामकृष्ण और धर्मपाल ने प्रार्थी की पत्नी के सिर में जान से मारने की नीयत से सरिया मार दी से उसको सर में 14 टांके आए बाकी लोगों को गम चोटे आई हैं।

प्रार्थी ने जिसकी सूचना थाने को दी तब प्रार्थी की पत्नी का मेडिकल कराया गया गंभीर चोट होने के कारण प्रार्थी की पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसका इलाज आज भी चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने की पीड़ित की तहरीर छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हिन्दू बाहुल्य गांवों के प्रधानों ने भाजपा नेतृत्व पर लगाया उपेक्षा का आरोप, किया प्रदर्शन

**( मो.फारूक अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के रहमतग. ंज में कई ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में भाजपा नेतृत्व पर क्षेत्र की उपेक्षा बरतने का आरोप लगाया है कहा कि हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में भी विकास कार्य शून्य है और ग्राम स्तर के जन्प्रतिनिधियों को सम्मान भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने समस्याओं के लिए प्रदर्शन किया। क्षेत्र के रहमतगंज में नागमणि शिव मंदिर पर बुधवार को आयोजित बैठक में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहन सिंह की अध्यक्षता में आसपास के ग्राम प्रधान एकत्र हुए और भाजपा नेतृत्व पर उपेक्षा का आरोप लगाया




मसवासी। उपेक्षा को लेकर प्रदर्शन करते ग्राम प्रधानगण।

कहा कि रहमतगंज समेत आसपास के गांव हिंदू बाहुल्य है और भाजपा का वोट बैंक है लेकिन इन गांवों की जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है पार्टी मान सम्मान नहीं दे पा रही है और विकास कार्य भी शून्य है।

पूर्व प्रधान मुकेश कुमार ने कहा की पार्टी नेतृत्व ग्राम स्तर के जन प्रति. निधियों के साथ अपेक्षा बरत रहा है। पार्टी स्तर की बैठक में उन्हें शामिल करने का निमंत्रण नहीं दिया जाता है। यदि भविष्य में भाजपा नेतृत्व में अपना रवैया नहीं बदला तो पार्टी को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा।

इस मौके पर पूर्व प्रधान राम अवतार तिवारी, सेमरा रहमतगंज के प्रधान सुरेश कुमार दिवाकर, लाडपुर के प्रधान विकास कुमार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहन सिंह, प्रेम सिंह मौर्य, हरिओम मोर्य, चरण सिंह, बृजेश कुमार, राम रतन सिंह, महिपाल, आदि शामिल रहे।

# रामपुर श्री श्याम साँई सेवा समिति करेगी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में श्री श्याम साँई सेवा समिति द्वारा फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 22 मार्च को श्याम बाबा महोत्सव में मशहूर भजन गायक राज पारीक, रिया बृजवासी, नरेश पुनिया भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। श्याम बाबा महोत्सव का आयोजन जिले की आदर्श कालोनी के होली पार्क में किया जाएगा। जिले में श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव (फाल्गुन महोत्सव) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 21 मार्च 2025 (शुक्रवार) को निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा श्री राधा कृष्ण मन्दिर (शुगर फैक्ट्री गेट) से शाम 5 बजे शुरू होकर




गुरुद्वारा रोड, रेलवे स्टेशन रोड, पुराना बस अड्डा, टैक्सी स्टैण्ड रोड होती हुई होली पार्क, आदर्श काला. ेनी, सिविल लाईन्स में 9 बजे सम्पन्न होगी। रंजीत कौर ने बताया कि 22 मार्च 2025 (शनिवार) को श्याम बाबा भव्य संकीर्तन रात् 7 बजे से सुबह 4 बजे तक किया जायेगा। संस्था के सचिव तरनजीत सिंह ने बताया कि महोत्सव का निणर्य समिति में सर्वसम्मति से लिया गया। इस मौके पर बैठक में सर्व रमन शर्मा, नितिन अरोरा, प्रवीण कपूर, तरनजीत ग्रोवर, अनूप मल्होत्रा, जोगराज अरोरा, भाष्कर अग्रवाल, राजू गुलाटी, अनूज गुलाटी, प्रखर वर्मा, शोभित अग्रवाल, ऋतु शर्मा, मनीषा अरोरा, भावना शर्मा, रंजीत कौर, पम्मी शर्मा, पूनम, वीना सबरवाल, शशी कपूर, सुषना गुलाटी, सीतू ग्रोवर, मीनाक्षी गुलाटी, भारती कपूर आदि मौजूद रहे। समिति सदस्यों ने सभी से श्याम बाबा का आशीर्वाद और धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# रामपुर में 24 दिन बाद वकीलों का धरना प्रदर्शन खत्म

## नहीं तोड़े जाएंगे वकीलों के चैंबर, 30 एकड़ जमीन में इंटीग्रेटेड कोर्ट में ही बनेंगे न्यायालय भवन, कल से काम पर लौटेंगे वकील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में 24 दिन बाद आखिरकार वकीलों का धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। अब वकीलों के चैंबर नहीं तोड़े जाएंगे। शासन द्वारा प्रस्तावित 30 एकड़ जमीन में बनाए जा रहे इंटीग्रेटेड कोर्ट में ही न्यायालय भवन भी बनाए जाएंगे। कल से सभी वकील काम पर लौटेंगे।

सतनाम सिहं मट्टू अध्यक्ष बार एसोसिएशन और सिराज अहमद अध्यक्ष रामपुर लॉयर्स एसोसिएशन की संयुक्त अध्यक्षता में और करीब 300 वकीलों द्वारा बार सभागार में एक संयुक्त मीटिंग बुलायी गयी। इसमें बार और लायर्स एसोसिएशन के सदस्य ने अपने अपने विचार रखे।

धरना स्थल पर जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आदि पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब इंटिग्रेटेड कोर्ट भवन के लिये 30 एकड़ जगह आवंटित कर दी गयी है। वहीं पर न्यायालय भवन बनेंगे और बार एसोसिएशन रामपुर



के सामने किसी भी चैंबर का ध्वस्तीकरण नहीं होगा। इस आश्वासन पर बार एसोसिएशन रामपुर व लायर्स एसोसिएशन रामपुर के अधिवक्ता ने जनहित में फैसला किया कि 20 मार्च 2025 से सभी अधिवक्ता द्वारा धरना स्थगित करते हुए नियमित रूप से कार्य करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव की एक प्रति जिला जज रामपुर व अन्य न्यायालयों को प्रेषित की जायेगी। अधिवक्ता मोबश्शिर अली, अधिवक्ता मुस्तफा अहमद, अधिवक्ता रमेश कुमार लोधी, अधिवक्ता आमिर मियां ने बताया कि यह अधिवक्ताओं की जीत है।

# रामपुर के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूर्व केन्द्रीय केबिनेट मंत्री नकवी से की मुलाकात

रामपुर भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने आज दिल्ली पहुंच कर पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार को बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को पटका पहनकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के साथ रामपुर की मौजूदा राजनीति के ऊपर चर्चा की। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर के भाजपा संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में भाजपा की विजय पताका फहराने के लिए बिना रुके, थके काम करने का संदेश नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार को दिया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को आश्वासन दिया कि कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरे कार्यकाल में सर्वोपरि रहेगा, और वह कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।



रामपुर। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार को मिठाई खिलाते मुख्तार अब्बास नकवी।

## नाबालिग युवती को तीन बच्चों के बाप से हुआ प्यार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** की चौकी मसवासी क्षेत्र के एक गांव का है। क्षेत्र में एक नाबालिग युवती को तीन बच्चों के बाप के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख उसके घरवाले आग बबूला हो गए। व्यक्ति की जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं नाबालिग युवती तीन बच्चों के बाप से शादी करने की जिद पर अड़ी है। गांव निवासी तीन बच्चों के बाप का अफेयर गांव की ही नाबालिग युवती से कई महीने पहले से चल रहा है। जिसके चलते तीन बच्चों का बाप युवती से अक्सर मिलता था। इसकी भनक युवती के परिजनों को लग गई। इसपर परिजनों ने युवती के कहीं आने-जाने पर रोक लगा दी। लेकिन परिजनों से छिपकर दोनों मिलते रहे। रात तीन बच्चों का बाप युवती से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया और घर के अंदर जाकर बात करने लगा। परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। परिजनों ने तीन बच्चों के बाप को पकड़ कर जमकर पिटाई की। सूचना पर मसवासी पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब परिजनों ने तीन बच्चों के बाप को पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## रामपुर में डबल डेकर बस और ट्रक में भिड़ंत

# हाइवे 24 हुआ जाम, 20 यात्री घायल तीन गंभीर, पुलिस राहत कार्य में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में डबल डेकर बस और ट्रक में आमने सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। भीषण भिड़ंत से नेशनल हाइवे 24 बायपास पर जाम लग गया। बस के 20 यात्री हादसे में घायल हो गए। इनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस राहत कार्य में जुटी है और हाइवे जाम खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 बायपास पर संजीवनी हास्पिटल के पास डबल डेकर बस संख्या यूपी 15 सीटी 7687 ट्रक संख्या जेके 04 जे 5692 की आमने सामने से भीषण भिड़ंत हो गई।

बस पानीपत से शाहजहांपुर जा रही थी, जबकि ट्रक बरेली से मुरादाबाद की तरफ जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में करीब 20 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 3 यात्री गंभीर बताए जा रहे हैं।



घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है, वहीं चालक को संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पानीपत से शाहजहांपुर जा रहे हरविजय और काजल ने बताया कि हादसे में करीब 20 लोग घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सिविल लाइंस संजीव कुमार ने अपने दल के साथ राहत कार्य को अंजाम दिया। भीषण भिड़ंत होने से दूर तक लंबा जाम लग गया। इससे यातायात करीब डेढ़ घंटे बाधित रहा।

क्षतिग्रस्त बस को क्रेन द्वारा टो किया गया, तब कहीं जाकर हाइवे सुचारू हो सका।

धीरे धीरे वाहन गुजारे गए।

# आरएलडी कार्यालय पर पदाधिकारियों ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला प्रकोष्ट की बैठक आयोजित की गई।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट परिणीता सिंह एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष मीरा चौधरी पहुंचीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने प्रदेश अध्यक्ष एव क्षेत्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं

जिसका महिलाएँ लाभ उठाए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में महिलाओं को सम्मान मिलता है और अगर किसी महिला के साथ अन्याय होता है तो हम उसके साथ खड़े हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो महिलाएँ मेहनत और लगन के साथ पार्टी के लिए काम कर रही हैं हम उनको संगठन में प्रदेश व क्षेत्रीय संगठन जिम्मेदारी दे रहे हैं।




इस दौरान पदाधिकारियों का दायित्व भी बढ़ाया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष मीरा चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक का संचालन सुमन सिंह परिहार ने किया। इस मौके पर नाजिया खान, एव समस्त महिला जिला कार्यकारिणी सदस्य एव रामपुर नगरध्यक्ष नवाब खां,मोनी खघन,मजहर खान बबलू,फिरोज आलम,कासिम,आदि लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट और धमकी देने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** महिला के मंदिर जाते समय दबंग में रास्ते में रोक कर गाली गलौज और मारपीट की बचाने आए उसके पुत्र के साथ भी मारपीट की घटना की रिपोर्ट दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के पुरैनिया गांव निवासी श्यामवीर ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें आरोप है कि उसकी माता रामप्यारी 14 मार्च को शाम के लगभग सात बजे पूजा करने मंदिर के लिए जा रही थी तभी गांव के महेश और विकास ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। मेरी माता ने जब गाली देने का विरोध किया तो इन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जब मेरी माता चीखी चिल्लाई तो मैं और मेरा छोटा भाई बचाने गया तो विकास महेश जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मेरी माता घायल हो गई घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर ले गया जहां पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां मेरी माता का इलाज चल रहा था तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई।

# रामपुर के किसानों को सहफसली के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

## बिलासपुर क्षेत्र के किसान गन्ने के साथ मक्के की कर रहे बुवाई

**( फरमान अली )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलासपुर/रामपुर।** गन्ना किसानों की आमदनी बढ़ाने सहफसली को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर और जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार के प्रयासों से बिलासपुर परिषद क्षेत्र के गन्ना कृषकों का गन्ने की खेती के साथ सहफसली की तरफ रूझान बढ़ रहा है।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बिलासपुर दुर्गेन्द्र कुमार गौतम द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि शीशपाल पुत्र बालकिशन ग्राम खजुरियाखुर्द द्वारा 3 एकड़ क्षेत्रफल में मक्के के साथ गन्ने की सहफसली बुवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिषद क्षेत्र में लगभग 100 हेक्टेयर मक्के के साथ गन्ने की सहफसली बुवाई की जा चुकी है।



बिलासपुर। खेती का मुआयना करते ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि परिषद क्षेत्र में 6 गन्ना पर्यवेक्षकों की टीम गठित की गयी है, जो अपने-अपने क्षेत्र में इस सन्देश का प्रचार प्रसार करें कि चीनी मिल बिलासपुर की आधुनिकीकरण होना प्रस्तावित है। साथ ही गन्ने की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना क्षेत्रफल में बुवाई करायें।

किसानों को वैज्ञानिक खेती को अपनाने के साथ ही सहफसली के रूप में अन्य फसलें बोने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। इसका परिणाम यह है कि गन्ना कृषकों द्वारा वर्तमान समय में गन्ने की बुवाई प्रतिदिन काफी मात्रा में की जा रही है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गत माह आयोजित किसान दिवस में आयी किसानों की निस्तारित समस्याओं की समीक्षा की गयी। किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने बताया कि वह साठा धान की खेती से किनारा करने वाले किसानों को सम्मानित करेंगे। जिसके लिए साठा धान न लगाने वाले किसानों की शीघ्र सूची तैयार की जाएगी। यह फैसला पंचायत में लिया गया। उन्होंने साठा धान की खेती पर पूरी तरह रोक लगने पर जिला प्रशासन की भी प्रशंसा की। इसके पश्चात किसान दिवस में आये कृषकों द्वारा भी अपनी समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन टिकैत हसीब अहमद ने बताया कि ग्राम आर्सल पार्सल वि. खण्ड स्वार में कृषक अजीत सिंह के घर से ट्रॉस्फार्मर हटवाया जाय, जनपद में बिजली बकाया भुगतान न होने पर पूरे फीटर की लाईट पूरा दिन बन्द रखी जा रही है, जो गलत है। इसको तत्काल बन्द कराया जाये एवं ग्राम पंचायत बेन्दूखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर में किसान के घर की छत पर होकर बिजली का तार जा रहा है, जो लटककर बिलकुल नीचे का गया है और जमीन से पाँच फिट ऊपर बचा है, जिसके कारण किसान के कई जानवर बिजली से मर चुके है। तहसील टाण्डा विकास खण्ड सैदनगर के जुर्वेद आलम ग्राम सरावा ने बताया कि ग्राम पंचायत सराबा में मझरा सेलर से नाले तक की दूरी लगभग 300 मीटर नाली निर्माण होने चाहिए। मझरे में लगभग 500 लोग रहते हैं, जिनके घरों का पानी सड़क पर आता है, जिससे सड़क खराब हो रही है।




तहसील सदर, ग्राम भोट के मो. तालिव ने बताया कि जनसेवा केन्द्रों द्वारा आधार कार्ड संशोधन करते समय 400 से 600 लिये जा रहे हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए सभी जनसेवा केन्द्र प्रभारियों को सख्त निर्देशित किया कि यदि किसी भी जनसेवा केन्द्र द्वारा निर्धारित फीस से अधिक ली जाती है, तो उसका लाइसेंस निरस्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की बिजली आदि से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एफ.पी.ओ. के सदस्यों कृषक उत्पादक संगठन यशपाल, अगोस कृषक उत्पादक संगठन हसीन अहमद एवं चमरौआ कृषक उत्पादक संगठन हसीब अहमद आदि के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश सचिव दरियाब सिंह, जागीर सिंह मंजीत सिंह अटवाल, राहत खां, लखविंदर सिंह गिल, चौधरी अजीत सिंह, रामदास मौर्य, मोहम्मद मुस्तकीम, चौधरी रशीद अली, छिद्दा नेता, खलील अहमद, कमरुद्दीन, जोगेंद्र सिंह, प्यारा सिंह, सुखविंद्र सिंह, जरनैल सिंह, जसबीर सिंह रंधावा अमीर अहमद सलामत जान, विरेन्द्र सिंह, मित्र पाल सिंह भी मौजूद रहे।

## सांसद के पत्र का लिया डीएम नें संज्ञान बकीलों की हड़ताल हुई खत्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अधिवक्ताओं के चैम्बर तोड़ने के विरोध प्रदर्शन एवं धारने के समर्थन में जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट रामपुर को पत्र लिखा था। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तुरन्त संज्ञान लेते हुए अधिवक्ताओं के धरना स्थल पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अन्य उच्चाधिकारियों के साथ पहुंच कर अधिवक्ताओं को उनके चैम्बर न तोड़े जाने का आश्वासन दिया तथा हर मुमकिन मदद देने की बात कही और हड़ताल खत्म करने की अपील की। जिसपर अधिवक्ताओं ने अपना पूर्ण सहयोग देते हुए पिछले 40 दिवस से चल रही हड़ताल को खत्म किया और अपने न्याय कार्यों को सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दिया। जिससे अधिवक्ताओं में दौड़ी खुशी की लहर।



मोहिबुल्लाह नदवी सांसद

उक्त जानकारी सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी/लीगल एडवाइजर महबूब अली पाशा एडवोकेट द्वारा दी गयी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगलिया आकिल विकास खण्ड सैदनगर जनपद-रामपुर**

**पत्रांक:-मीमो/ग्रा.पं.न.आ./2024-25** **दिनांक:-19 मार्च 2025**

**ग्राम पंचायत नगलिया आकिल विकास खण्ड सैदनगर में प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानों हेतु आवेदन करने की सूचना**

ग्राम पंचायत नगलिया आकिल विकास खण्ड सैदनगर की भूमि गाटा संख्या 249 पर एक शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाया जाना है जिसमें 06 दुकानें बनायी जानी प्रस्तावित हैं। इन दुकानों का आवंटन करने हेतु पात्र एवं इच्छुक आवेदनकर्ता से आवेदन दिनांक 20.03.2025 से 28.03.2025 की सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पंचायत घर नगलिया आकिल पर जमा किये जायेगे।

**उक्त शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण एवं आवंटन हेतु निम्नलिखित शर्तें होंगी।**

1. प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण कराये जाने हेतु धनराशि की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा निम्न प्रकार से किया जाना प्रस्तावित है।
2. कॉम्पलेक्स में 06 दुकान निर्मित होंगी जिसका नक्शा बनवा लिया गया है।
3. कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु आवेदकों एवं अवंटियों से धनराशि इस क्रम में ली जायेगी। आवेदन के समय आवेदक को 1 लाख रूपये का डी.डी. ग्राम पंचायत के नाम देय होगा तथा आवंटन के दो सप्ताह के अन्दर 1.50 लाख रुपये देने होंगे, शेष 1.45 लाख दुकान की चाबी देते समय जमा करना होंगे। कॉम्पलेक्स एवं दुकानों का पूर्ण स्वामित्व ग्राम पंचायत का रहेगा आवंटी को केवल किरायेदार की हैसियत से दुकानों को मात्र किराये पर ग्राम पंचायत की शर्तों के अनुसार दी जायेगी। उक्त कॉम्पलेक्स के निर्माण में आने वाले व्यय का 10 प्रतिशत ग्राम पंचायत वहन करेगी।
4. आवंटन/कब्जा के एक माह पश्चात आवंटी को अपना व्यावसायिक प्रतिष्ठान सभी विधिक औपचारिकताएं पूरा करने पर चालू करना होगा तथा प्रति माह दुकान का किराया 500 रूपये ग्राम पंचायत के ओ.एस.आर. के खाते में जमा करना होगा। लगातार तीन माह तक किराया न देने पर आवंटी का आवंटन स्वत: ही समाप्त माना जायेगा।
5. आवंटियों की दुकान के किराये में प्रति वर्ष मूल किराये का 10 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी।
6. आवंटन की प्रक्रिया में सभी वर्गों को शासनादेशानुसार दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
7. ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित दुकानें तथा जिनके पास निजी दुकानें हैं उन्हें कॉम्पलेक्स में कोई दुकान नहीं दी जायेगी।
8. दुकानों के आवंटन में उन आवेदकों आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा जिन्होंने ग्राम पंचायत की किसी भी परिसम्पत्ति पर अवैध कब्जा या किसी भी रूप में परिसम्पत्ति को क्षति पहुंचाई है।
9. आवेदक को एक शपथ पत्र इस आशय का देना होगा कि मुझे कॉम्पलेक्स की सभी नियम व शर्तें स्वीकार हैं और में किसी भी प्रकार का दावा ग्राम पंचायत के विरूद्ध किसी न्यायालय में नहीं करूंगा।

**( श्री धर्मेन्द्र सिंह )**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत नगलिया आकिल**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्रीमती सलमा )**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नगलिया आकिल**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## टेंपो चालक नें साथियों के साथ मारपीट कर युवक को घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** टेंपो में बैठकर रिश्तेदारी में जा रहे युवक को टेंपो चालक और उसके साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे युवक ने आप बीती सुनाई। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने उपचार हेतु घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जनपद बरेली के कोतवाली क्षेत्र के मीरगंज के ग्राम सिमरिया निवासी रविंदर आज अपने मौसेरे भाई राजेंद्र निवासी गांव बाक. राबाद थाना मिलक के साथ रिश्तेदारी में से बिलासपुर की ओर जाने के लिए टेंपो में बैठे थे। किसी बात को लेकर टेंपो चालक से कहां सुनी हो गई और केकेआर, करन गंगवार, बादल, अनुज, दीपक आदि लोगों ने गालियां देने लगे जब राजेंद्र ने ने इसका विरोध किया तो पांच लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और राजेंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया।



किसी तरह अपनी जान छुड़ाकर कोतवाली पहुंचा और अपनी सारी आप बीती बताई घायल राजेंद्र के मौसेरे भाई रविंद्र ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर ले जाया गया है।

## पुलिस ने किए दो नफर वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर दो नफर वारंटी गिरफ्तार कर संबंधित कोर्ट को भेजा पुलिस अधीक्षक रामपुर के दिशा निर्देश में तलाश अभियान चलाकर मार्च आज मिलक, पुलिस द्वारा दो नफर वारण्टी ओमपाल पुत्र लालबहादुर निवासी ग्राम काशीपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर, धारा-406/504/506 भादवि, और रघुवीर पुत्र बाकेंलाल निवासी ग्राम बेहटा थाना मिलक जनपद रामपुर धारा-323/504 भादवि को उनके को मुखविर की सूचना पर गिरफ्तार संबंधित कोर्ट भेजा गया।

## चेयरमैन प्रतिनिधि ने ईदगाह का निरीक्षण



**( ज़हीर खान )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** बुधवार को ईद उल फितर के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खान द्वारा ईदगाह की सफाई पानी एवं प्रकाश आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित सफाई नायकों प्लंब्रो एवं इलेक्ट्रीशियन को निर्देशित करते हुए समस्त कार्य को समय से पूर्ण करने के आदेश दिए गए। उनके द्वारा सफाई नायकों को निर्देशित किया गया की टोली बनाकर संपूर्ण ईदगाह की सफाई एवं उसके आसपास के चारों तरफ की सफाई रास्तों की सफाई कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए तथा जहां पानी के छिड़काव के आवश्यकता है।

वहां पानी का छिड़काव कराया जाए जिससे की नमाज को आने जाने वालों को कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर ईद का कमेटी सैयद इंतखाब अली सैयद सरफराज अली नसीहत अली, नवेद मियां, लिपिक मुजीब मियां प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन, रेहान अहमद सफाई नायक , शिवराना, प्रमोद, विकास, इमरान खान आदिल मंसूरी आदि साथ रहे।

# ICC टी-20 में अभिषेक का जलवा बरकरार

**दुबई, वार्ता।** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशरू बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।

हार्दिक पांड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की



**वरुण गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर, हार्दिक पांड्या 242 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर**

अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि टीम ने जनवरी-फरवरी में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद से इस प्रारूप का कोई मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है जिससे टिम सिफर्ट और फिन एलेन की सलामी जोड़ी के अलावा गेंदबाज जैकब डफी को काफी फायदा मिला है। सिफर्ट 20 पायदान की छलांग से 13वें स्थान पर जबकि एलेन आठ पायदान के लाभ से 18वें स्थान पर पहुंच गए। डफी ने दो मैच में छह विकेट झटके जिसमें पहले मैच में 14 रन देकर चार विकेट हासिल करने का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### अडानी और पीजीटीआई इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का करेंगे आयोजन

**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी समूह देश में पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की आधिकारिक संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर एक अप्रैल से इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। अडानी समूह का भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ की शुरुआत करना गोल्फ को अधिक लोगों तक पहुंचाना, इसे मेनस्ट्रीम स्पोर्ट में शामिल करना तथा नए भारतीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना इसका उद्देश्य है। एक से चार अप्रैल तक ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट होने वाले इस टूर्नामेंट में 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि रखी गई है। इस अवसर पर अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा कि हमें कपिल देव और पीजीटीआई के साथ मिलकर भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य भारत से विश्व स्तरीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है। हम इस खेल को अधिक सुलभ बनाने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग एवं खेलने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारतीय मुक्केबाजी संघ ने महासचिव और कोषाध्यक्ष को पद से हटाया

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ ने वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन को लेकर महासचिव हेमंत कलिता और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को पद से हटा दिया है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने आज औपचारिक रूप से बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से कथित वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन के संबंध में मिली शिकायत पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन को मामले की स्वतंत्र जांच करने के लिए नियुक्त किया।

# त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की जोड़ी से होगा**

**बसेल (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली हैं। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में विश्व की नौंवे नंबर की भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड की केली वैन ब्यूटेन जोड़ी को 32 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-16, 21-17 से आसानी से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमिली लेहमैन से होगा। एक अन्य मुकाबलों में भारत की प्रिया कोनजेंगबाम-श्रुति मिश्रा की जोड़ी को तुर्की की विश्व में 61वें नंबर की जोड़ी नाजलिकन इंसी और बेंगिसू एर्सेटिन ने 21-11, 21-19 से हराया, जबकि वर्षिनी विश्वनाथ श्री-आरती सारा सुनील को नीदरलैंड की डेबोरा जिल्ले और डेनमार्क की शटलर सारा थिगेसन ने 21-13, 21-13 से हराया। इस बीच, भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। आयुष शेट्टी ने अपने पहले क्वालीफाइंग मैच में इंग्लैंड के चोलन कायन को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-15 से हराया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने इसके बाद फ्रांस के विश्व नंबर 400 राफेल गेवियोस को मात्र 23 मिनट में 21-6, 21-8 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई, जहां उनका सामना 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो से होगा। मुथुसामी ने पहले राउड में इंग्लैंड के शटलर यूहैंग वांग को 21-13, 21-4 से पराजित किया और फिर अपने अंतिम क्वालीफायर में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-7, 21-10 से हराया। मुथुसामी मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से भिड़ेंगे।



एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज पहले ही मुख्य वर्ग में शामिल हो चुके हैं। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, जिन्हें शुरू में क्वालीफायर में खेलना था, को बाद में लक्ष्य सेन के पुरुष एकल से देर से हटने के बाद मुख्य ड्रॉ में पदोन्नत किया गया। श्रीकांत का सामना हमवतन प्रणय से होगा, जो कि 32 राउंड के अखिल भारतीय मुकाबले में होगा। इसी तरह, इशारानी बरुआ का सामना साथी भारतीय शटलर आकर्शी कश्यप से होगा, जिन्होंने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रोजी ओक्टाविया पंकसारी को 21-16, 21-11 से हराकर मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल में आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा ने अपना क्वालीफायर जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पीवी सिंधु बुधवार से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम घोषित की

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई हैं। ईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी -20 सीरीज में 33 की औसत और 112-50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहुहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई हैं।टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पार्क में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में

**आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की हुई वापसी**

तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा कि कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूँ। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

**न्यूजीलैंड महिला टीमः** सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

# पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और ओटोबॉक की साझेदारी हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने देश में दिव्यांग खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करने वाली जर्मनी की कंपनी ओटोबॉक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से, पीसीआई ने जर्मन कंपनी ओटोबॉक हेल्थकेयर के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। दुनिया की अग्रणी कंपनी ओटोबॉक अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करती है। ओटोबॉक 1988 से ही इंटरनेशनल पैरालिम्पिक कमिटी के आधिका. रिक तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। भारत में इसकी उपस्थिति 1998 से है और यह अपने उन्नत उपकरणों के साथ-साथ देशभर में 23 क्लीनिकों का नेटवर्क संचालित कर रही है, जहां दिव्यांग खिलाड़ियों को आफ्टर-केयर सुविधाएं दी जाती हैं। इस भागीदारी के तहत ओटोबॉक भारतीय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय

**भारतीय एथलीटों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया करार**

प्रोस्थेटिक समाधान, विशेष प्रशिक्षण और आफ्टर-केयर सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी प्रत्येक खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार उच्च-गुणवत्ता वाले प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरण उपलब्ध कराएगी। साथ ही, एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कोच और प्रोस्थेटिस्ट को भी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। पीसीआई के कार्यकारी राहुल स्वामी ने इस साझेदारी पर कहा कि यह गठजोड़ भारत में दिव्यांग खेलों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। ओटोबॉक के साथ मिलकर हम ऐसी संरचना तैयार कर रहे हैं, जिससे जमीनी स्तर पर नई प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके। ओटोबॉक हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निद. शक मैट्स फैंक ने कहा कि हम तकनीकी उत्कृष्टता और मानवीय क्षमता को साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक समाधान बायोमैकेनिकल नवाचार और

# कबड्डी विश्वकप को आईकेएफ ने नहीं किया अधिकृत

**एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्पर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने कहा है कि विश्व कबड्डी महासंघ के तत्वावधान में ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्वकप 2025 को हमने अधिकृत नहीं किया है। आईकेएफ ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कबड्डी के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) (जिसका अपने संबंधित देश के राष्ट्रीय ओलंपिक महासंघ से संबंध या जुड़ाव है), वह आईकेएफ और एकेएफ का सदस्य-संबद्ध है। अपने-अपने देशों में ओलंपिक सिस्टम की औपचारिक मान्यता वाले ये अधिकृत एनएसएफ ब्रिटेन में चल रहे तथाकथित कबड्डी विश्वकप 2025 में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ, एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और एशियाई कबड्डी महासंघ (एकेएफ) द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है। आईकेएफ 1990 से एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए कबड्डी की पदक स्पर्धा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंटों के संचालन की देखरेख और पर्यवेक्षण करता रहा हैं। ओसीए, आईकेएफ, एकेएफ और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) का विश्व कबड्डी महासंघ या इसकी किसी भी गतिविधि से कोई लेन-देन या जुड़ाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्पर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है। ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में ऐसे देशों का कथित तौर से प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के पास कबड्डी के लिए संबंधित एनएसएफ से कोई मंजूरी नहीं है। आईकेएफ को एकेएफआई द्वारा सूचित किया गया है कि ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में भारतीय टीम को भारत में कबड्डी के खेल के आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संरक्षक निकाय-एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया से कोई मंजूरी या मान्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि आईकेएफ अपने सभी संबंधित राष्ट्रीय ओलंपिक निकाय को भी अपने विचार से अवगत कराएगा। ताकि वे ब्रिटेन में आयोजित कबड्डी विश्व कप 2025 में भाग लेने वाली अनधिकृत राष्ट्रीय टीमों को कोई अनुचित मंजूरी या मान्यता देने में गुमराह न हों।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीगः हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने जीते अपने मैच

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के दूसरे दिन बुधवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। यहां खेले गए पहले मुकाबले में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल ए में महाराष्ट्र को 1-0 से हराया। ओडिशा की ओर से दीपिका बरवा ने (57वें) मिनट में गोल महाराष्ट्र से हराया। अगले मैच में मणिपुर ने पूल ए में मध्य प्रदेश को 2-0 से हराया। मणिपुर की ओर से पूजा रामचूरिया ने (41वें) और बेबीरानी देवी संदम ने (56वें) मिनट में एक-एक गोल कर अपनी टीम को टूर्नामेंट में पहली दिलाई। दिन के तीसरे मुकाबले में हरियाणा ने पूल ए में हॉकी मिजोरम को 2-1 से हराया। हरियाणा के लिए सावी ने (44वें) और शशि खासा ने (59वें) मिनट में गोल किए। जवाब में मिजोरम की वनलालरिन्हलुई ने (57वें) मिनट में सांत्वना गोल किया। टूर्नामेंट में यह हरियाणा की दूसरी जीत है।

## मुम्बई इंडियंस के पहले मैच में सूर्यकुमार होंगे कप्तान

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पर पिछले वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के आखिरी मैच में धीमे ओवर रेट के कारण एक मैच के लिए लगे प्रतिबंध के कारण आईपीएल के इस सत्र में टीम के लिए सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई इंडियंस की बागडोर संभालेंगे।

हार्दिक ने कहा कि यह मेरे नियंत्रण से बाहर की चीज है। पिछले साल आखिरी मुकाबले में हमने अंतिम ओवर 1-5 या दो मिनट देरी से किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यही नियम है। हमें प्रक्रिया के अनुसार ही चलना होगा। सूर्या भारत के कप्तान हैं और जब मैं नहीं हूं तो वह आदर्श विकल्प हैं। उल्लेखनीय है कि हार्दिक 29 मार्च को गुजरात टाइटंस (जीटी) के साथ अहमदाबाद में होने वाले दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुंबई का घरेलू मैदान में दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) साथ मैच है। इसके बाद मुम्बई इंडियंस चार अप्रैल को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी।

# मांडविया ने नया एंथम व खडसे ने मैस्कॉट का किया अनावरण




**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का एंथम और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने मैस्कॉट का अनावरण किया। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में फिट इंडिया कार्निवल के मौके पर श्री मांडचिया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स का एंथम तथा खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने मैस्कॉट 'उज्ज्वला' अनावरण किया।

'उज्ज्वला' का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है, जो शहर के गौरव और जुझारूपन का प्रतीक है। विलुप्त होने के कगार पर पहुँच चुके पक्षी की तरह, 'उज्ज्वला' पैरा एथलीटों का प्रतीक है, जो लचीलापन और दृढ़ता का प्रतीक भी हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति और पूर्व पैरालिंपियन देवेंद्र झाझरिया और खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के एक्सेसिबिलिटी पार्टनर-स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनू लजदल ने संयुक्त रूप से बहुत धूमधाम से खेलों का लोगो लॉन्च किया। इस अवसर पर डॉ.

**उज्ज्वला का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है**

मांडविया ने कहा कि यह एक बहुत ही खास दिन है। हम पहले फिट इंडिया कार्निवल के समापन पर आए हैं, जिसमें 25 हजार लोगों ने भाग लिया था और अब हम खेलो इंडिया पैरा गेम्स शुरू कर रहे हैं। अब हमारे पास भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतरता है। यह वास्तव में सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि केआईपीजी में 1300 से ज़्डादा एथलीट हिस्सा लेंगे। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए सही रास्ता प्रदान करने के लिए खेलों का आयोजन किया गया है। खेलों में कोई हारता नहीं है। कोई जीतता है और कोई सीखता है। यही खेलों की खूबसूरती है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के लोगो में नारंगी, हरे और नीले रंग में एक स्टाइलिश एथलीट है, जो गतिशीलता, आंदोलन और समावे. शिता का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही आगे की ओर गति प्रगति को दर्शाती है। लोगो में बोल्ड ब्लू/व्हाइट 'खेलो इंडिया' और 'पैरा गेम्स 2025' ताकत का संदेश देता है, जिसे नारंगी हाइलाइट्स द्वारा पूरक बनाया गया है। इस अवसर पर एंथम का भी अनावरण किया गया। 'खेलेगा खेलेगा मेरा इंडिया, जीतेगा जीतेगा मेरा इंडिया' शब्दों पर आधारित इस एंथम का उद्देश्य मैदान पर मौजूद एथलीटों के साथ-साथ स्टैंड में बैठे प्रशंसकों को एक प्रेरक संदेश के साथ प्रेरित करना है। उल्लेखनीय है कि खेलों इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से 27 मार्च होंगे और इसमें छह पैरा खेलों में 1300 से अधिक प्रतिभागी पैरा-तीरंदाजी, पैरा-एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में स्पर्धा करेंगे। ये सभी स्पर्धाएं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में होगी।

# हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है

**चंडीगढ, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले कहा कि हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। यहां संवाददाता सम्मेलन में पोंटिंग ने कहा कि वह (अय्यर) एक बेहतरीन इंसान हैं। वह आईपीएल जीतने वाले कप्तान हैं।

हम इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकते थे। वह कुछ दिन पहले ही कैंप में शामिल हुए हैं, इसलिए वह टीम पर कप्तान और लीडर के तौर पर अपनी छाप छोड़ना शुरू कर रहे हैं और यह अगले कुछ दिनों में और बेहतर होगा, उसके बाद ही हम अपना पहला मैच खेलेंगे। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मैं इससे ज़्डादा खुश नहीं हो सकता था। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन आईपीएल के आगामी सीजन के लिए टीम की योजनाओं और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की।

टीम की नई टीम में उचित संतुलन के बारे में बात करते हुए दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। हमारे पास बेहतरीन भारतीय खिलाड़ी हैं और कुछ बेहतरीन विदेशी खिलाड़ी भी हैं। मैं टीम के एकजुट होने से बहुत खुश हूं। कल रात यहां हमारा पहला सत्र था, जो वाकई अच्छा रहा। लड़कों ने वाकई अच्छी ट्रेनिंग की है। अय्यर ने पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जताई और बताया कि उनकी मौजूदगी से टीम में और गहराई आएगी। टीम के नए कप्तान ने कहा कि वह सभी का समर्थन करते हैं।

## पंत, मार्करम मिलर और मार्श ने बहाया पसीना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम ने इकाना स्टेडियम के मुख्य मैदान पर अभ्यास किया। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कप्तान ऋषभ पंत के साथ ही एडेन मार्करम, डेविड मिलर, मिशेल मार्श समेत अन्य खिलाड़ियों को फील्डिंग और कैच पकड़ने का अभ्यास कराया। इसके बाद मेंटर, जहीर खान, कोच लांस क्लूजनर ने नेट पर बल्लेबाजी के दौरान खिलाड़ियों को हर बॉल पर छक्के लगाने का अभ्यास कराया। इकाना स्टेडियम में आयोजित टीम के अभ्यास सत्र में सभी खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर छक्के लगाए। अब्दुल समद ने बाउंसर पर थर्ड मैन के ऊपर से चक्का, तो ऋषभ ने अपने चिर परिचित अंदाज में कवर के ऊपर से कई छक्के लगाए। मिशेल, मार्करम, मिलर, जुयाल, पूरन, आयुष, हिम्मत, अर्शीन आदि ने भी शानदार चौके छक्के लगाए।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 मार्च 2025

## मौसम की तुनक मिजाजी

पल-पल रंग बदल रहा मौसम वैज्ञानिकों के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में 24 घंटे बाद फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 13 मार्च से प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि से प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। ओडिशा में कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। बौध-संभलपुर समेत चार जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। पिछले तीन दिन से बौध जिला सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया है। हिमाचल प्रदेश में एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है। चंबा, लाहौल-स्पीति के लिए आरेंज अलर्ट, कुल्लू और किन्नौर के लिए यलो अलर्ट और शिमला के लिए ग्रीन अलर्ट जारी है। आने वाले दो दिन में यहां तेज बारिश की आशंका है। मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है, तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है।

## हम रूस व यूक्रेन दोनों जगह पर स्वीकार किए जाते हैं



भारत आज ऐसी स्थिति में है जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है, भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है, हम दोनों जगहों रूस और यूक्रेन पर स्वीकार किए जाते हैं, अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है, चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा, आज की स्थिति को देखते हुए मैं तीन साल पहले अपने दिए बयानों पर शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं, 2022 में संसदीय बहस में मैं इकलौता सांसद था, जिसने यूक्रेन को लेकर भारत के रुख की आलोचना की थी।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# स्टारलिंक के भारत में प्रवेश के साथ बदल जाएगी इंटरनेट की दुनिया?

**भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्यूनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है**

**भारत में अभी लगभग 47% लोगों के पास ही इंटरनेट है, मतलब 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं, जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं**



**अशोक भाटिया**

एयरटेल और जियो के साथ हुए करार के बाद स्टारलिंक के भारत में प्रवेश का रास्ता कुछ हद तक साफ हुआ है लेकिन भारत के दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा के लिए लाइसेंस अवधि को 5 साल तक सीमित करने की योजना बनाई है। यह फैसला एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के लिए बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि कंपनी ने 20 साल के लाइसेंस की मांग की थी। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर बड़ा विवाद चल रहा था। मस्क की स्टारलिंक चाहती थी कि उसे 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम मिले, ताकि वह लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर सके और सस्ती सेवाएं दे सके।

दूसरी ओर, मुकेश अंबानी की रिलायंस और भारती एयरटेल चाहती थीं कि यह अवधि 3 से 5 साल तक सीमित हो, ताकि भारत सरकार समय-समय पर बाजार का आकलन कर सके। अब ट्राई ने अंबानी और एयरटेल के सुझाव को मानते हुए 5 साल की समय-सीमा तय करने का मन बना लिया है। ज्ञात हो कि एलन मस्क की स्टारलिंक हाल ही में भारत में अपने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार के लिए रिलायंस और एयरटेल के साथ डिस्ट्रीब्यूशन डील कर चुकी है। हालांकि, इस बिजनेस मॉडल को सफल बनाने के लिए कंपनी को लंबी अवधि का लाइसेंस चाहिए था। ट्राई के इस फैसले से स्टारलिंक को भारत में लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट और कीमत निर्धारण में दिक्कत हो सकती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के बाजार को पहले परखना चाहता है, ताकि सही स्पेक्ट्रम कीमत तय की जा सके। अभी पारंपरिक टेलीकॉम कंपनियों को 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए मिलता है, लेकिन सैटेलाइट सेवाओं के लिए सस्ता और सीमित समय के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। यदि यह करार होता है तो भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।




ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। हाल ही में भारतीय सरकार का कहना है कि स्टारलिंक को भारत में एक नियंत्रण केंद्र तैयार करना होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जब भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी इलाके में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाओं को रोकने की जरूरत हो तो सरकार को तुरंत इस पर कंट्रोल मिल सके।

ये निर्देश उस समय आए हैं जब स्टारलिंक का सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंस पाने के आवेदन अंतिम चरण में है। कंपनी रिलायंस जियो और एयरटेल के साथ साझेदारी करने की योजना बना रही है ताकि वे नेटवर्क को बाजार में लाने और इसे बेहतर बनाने में मदद कर सकें। भारत के दूरसंचार कानूनों के अनुसार केंद्रीय या राज्य सरकार किसी भी इमरजेंसी या सुरक्षा को लेकर किसी भी टेलीकॉम सेवा को अस्थायी रूप से नियंत्रण में ले सकती है। इसमें इंटरनेट बंद करने के अधिकार भी शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने सुरक्षा अनुपालन के लिए यह भी निर्देश दिया है कि स्टारलिंक को अपनी सैटेलाइट सेवाओं के जरिए कॉल्स को सीधे ट्रांसफर नहीं करना होगा।। कॉल्स को पहले भारत में स्थित कंपनी के गेटवे के माध्यम से भेजा जाएगा। इसके बाद फिर उसे पारंपरिक टेलीकॉम नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति भारत से फ्रांस में कॉल करता है तो कॉल पहले सैटेलाइट के जरिए यात्रा करेगी लेकिन फ्रांस तक सीधे नहीं पहुंचेगी। इसके बजाय यह पहले भारत के गेटवे पर पहुंचेगी और फिर सामान्य टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अंडरसी केबल्स के माध्यम से फ्रांस जाएगी।

ैजंतसपदा के प्रतिनिधि सरकार के अधिकारियों से मिलकर इन सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

भारत ही नहीं एलन मस्क की स्टारलिंक कंपनी अब भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इंटरनेट की सेवा देगी। इससे पहले स्टारलिंग ने भूटान में अपनी सेवाएं शुरू की थी। अब सवाल ये है कि अगर ये कंपनी भारत में आती है, तो इंटरनेट के रेट पर क्या असर पड़ेगा और ये कब तक भारत में आ सकता है। यह जानना भी जरुरी है।

साथ ही अब सवाल ये है कि स्टारलिंक क्या है? बता दें कि स्टारलिंक एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस टेक्नोलॉजी है, इसके मालिक एलन मस्क है। इस तकनीक के जरिए मस्क बिना तार और टॉवर की मदद से लोगों तक इंटरनेट पहुंचा रहे हैं। बता दें कि इसमें इंटरनेट पहुंचाने के लिए सैटेलाइट बेस्ड रेडियो सिग्नल की मदद ली जाती है। ये सैटेलाइट जमीन पर मौजूद ग्राउंड स्टेशन ब्रॉडबैंड सिग्नल को सैटेलाइट ऑर्बिट में भेजता है। इतना ही नहीं ये बहुत तेज स्पीड से जमीन पर इटंरनेट पहुंचाने में सक्षम है।

स्टारलिंक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स का नेटवर्क है। यह हाई-स्पीड इंटरनेट कम लेटेंसी के साथ देता है। कई देशों में यह सेवा पहले से ही उपलब्ध है, खासकर उन जगहों पर जहां आम ब्रॉडबैंड नहीं पहुंच पाता। भारत में अभी लगभग 47 प्रतिशत लोगों के पास ही इंटरनेट है। मतलब, 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं। स्टारलिंक 220 डइचे तक की स्पीड दे सकता है, जो दूर-दराज के इलाकों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। स्टारलिंक जमीनी केबल या मोबाइल टावरों पर निर्भर नहीं करता। यह एलईओ सैटेलाइट्स के जरिए इंटरनेट देता है। जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7,000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं। यूजर को एक स्टारलिंक डिश और राउटर की जरूरत होती है, जो सैटेलाइट्स से जुड़ते हैं।

# कछुओं का अनोखा जीपीएस...

**इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे, प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया**

समुद्री कछुए अपने भोजन स्थलों को याद रखने के लिए पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करते हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, लॉगरहेड कछुए (**Caretta caretta**) खास चुंबकीय संकेतों को पहचान सकते हैं, जिससे वे भोजन के स्थान को याद रख पाते हैं, ठीक जीपीएस की तरह। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया। उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया, जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे। प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया और उसे स्वादिष्ट भोजन (स्क्विड और न्यूट्रिएंट जेल) दिया गया जिसके नतीजे में कछुओं ने उत्साह में टर्टल डांस (मुंह खोलना, पानी में उछलना और शरीर को पानी से बाहर की ओर लाना) किया।भोजन न मिलने पर भी, जब कछुओं को वही चुंबकीय क्षेत्र दोबारा अनुभव कराया गया तो उन्होंने खुशी से अपना टर्टल डांस किया। इससे पता चला कि वे भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेतों को याद रखते हैं। हैरानी की बात यह है कि उनमें यह याददाश्त कम से कम चार महीने तक बरकरार रही। अधिक गहराई से समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने रेडियोफिक्वेंसी तरंगों का उपयोग किया, जो जीवों की चुंबकीय दिशा-सूचना को बाधित करती हैं। इसके उपयोग से कछुए भ्रमित हुए और दिशा पहचानने में असफल रहे, लेकिन जब भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेत दिए गए तो वे फिर से नृत्य करने लगे। इससे यह पता चलता है कि कछुए दो अलग-अलग जैविक प्रणालियों का उपयोग कर सकते हैं-एक दिशा पहचानने के लिए और दूसरी भोजन स्थलों जैसी महत्वपूर्ण जगहों को याद रखने के लिए।

इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि पक्षी और उभयचर जैसे कई प्रवासी जीव भोजन, प्रजनन स्थल और अनुकूल जलवायु खोजने के लिए दोहरी चुंबकीय प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।




# चकोतरा खाने से कभी नहीं आएगा हार्ट अटैक, साफ हो जाएंगी नसें



खतरनाक बीमारियों में से दिल की बीमारी भी है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हेल्थ पर असर पड़ता है। दिल की बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत हो रही है। खाने में फैट की ज्यादा मात्रा, एक्सराइज की कमी, स्मोकिंग-एल्कोहॉल से इन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। जिससे हार्ट का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप हार्ट अटैक से बचना चाहते हैं, तो चकोतरा फल जरुर खाएं।

### चकोतरा खाने से घटेगा कोलेस्ट्रॉल...

चकोतरा फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह फल बेहद खट्टा होता, जिस वजह से कई लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक कि यह फल गंदा कोलेस्ट्रॉल कम करके आर्टरी को साफ करने के काम आ सकता है।

### चकोतरा खाने का सही तरीका...

अमेरिक हार्ट एसोसिएशन बताया है कि चकोतरा को संतरे की तरह खाना चाहिए। इसका छिलका हटाकर खाएं। एक-एक फांक जरुर खाएं इसके साथ ही फंकों के ऊपर की झिल्ली को फेंके नहीं।

### झिल्ली से होता है असली इलाज...

चकोतरा की फांक की झिल्ली को मेंब्रेन कहा जाता है। इस फल में सबसे ज्यादा फाइबर होता है, जोकि एलडीएल नाम के गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। बता दें कि इस डाइटरी फाइबर को पेक्टिन कहते हैं, जो हमारे गट हेल्थी बैक्टीरिया के लिए भी काफी जरुरी है।

### चकोतरा को फ्रिज में न रखें...

चकोतरा को हमेशा रुम टेंप्रेचर पर ही खाना चाहिए। अगर आप इसे फल को एक हफ्ते के अंदर खाने वाले हैं तो इसे फ्रिज में ना रखें। यदि आप इससे ज्यादा समय तक रखना चाहते हैं, तभी इसको फ्रिज में रखें। वरना चकोतरा को नॉर्मल तापमान पर ही सेवन करें।

# गड़े मुर्दे उखाड़ते नफरत के सौदागर...

**8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000 रुपये के नोट यह कहकर चलन से बाहर किए थे कि इससे काले धन पर लगाम लेगगी**

**जब 500 व एक हजार के नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आखिर दो हजार के नोट क्या सोचकर चलाई गई थी, फिर दो हजार के नोट कुछ महीने बाद बाजार से गायब हो गए**



**निर्मल रानी**

विगत दस वर्षों से देश का सामाजिक ढांचा छिन्न भिन्न करने के सत्ता संरक्षित प्रयास जिस तरह से किए जा रहे हैं उन्हें देखकर तो अब यही लगने लगा है कि हमारे देश की राजनीति और सत्ता अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। सत्ता के चाहवानों के लिए देश की विकासोन्मुख योजनाऑन, नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, बिजली पानी सड़क रोज़गार स्वास्थ शिक्षा मंहगाई नियंत्रण से कहीं ज्यादा ज़रूरी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण बन चुका है। वैसे भी जिन लोगों को नित्य सूर्योदय के साथ ही हाथों में लठ देकर नफ़रत का पाठ पढ़ाया जाता हो, जिस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले आरएसएस प्रमुख द्वितीय एम एस गोलवलकर स्वयं अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थॉट्स' में ये विचार व्यक्त कर चुके हों कि मुसलमान ईसाई और कम्युनिस्ट राष्ट्र के दुश्मन हैं।

उस संगठन व उससे जुड़े अन्य संगठनों के लोगों से नफ़रत का ज़हर बोने के सिवा और क्या उम्मीद की जा सकती है ? इन्हें केवल मुसलमानों ईसाइयों और कम्युनिस्ट विचार के लोगों से ही नहीं बल्कि हर उन लोगों से भी नफ़रत है जो इनके साम्प्रदायिकतावादी और नफ़रती एजेंडे के ख़िलाफ़ हो। इसकी एक बड़ी व महत्वपूर्ण वजह यह भी है कि इस विचारधारा के लोगों के स्वतंत्रता संग्राम के समय के स्वयं अपने 'ट्रैक रिकार्ड' इतने ख़राब व शर्मनाक हैं कि उन्हें छिपाने के लिए उनपर होने वाली चर्चाओं से ध्यान भटकाने के लिए ही यह शक्तियां मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों के साथ साथ देश के उन बहुसंख्य धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं को भी निशाना बनाती हैं जो इनके मूल चरित्र व विध्वंसक इरादों से अच्छी तरह वाक़िफ़ हैं। इन अतिवादी शक्तियों का एक ही मक़सद है कि एन केन प्रकारेण यह सत्ता में बनी रहें। इसलिए इन्होंने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ही अपना सबसे आसान 'शस्त्र' चुन लिया है। यही वजह है कि इन्हें देश का महान नायक टीपू सुल्तान बुरा लगता है। इन्हें प्रत्एक मुग़ल शासक से नफ़रत है। इन्हें किसी भी मुग़ल शासक में सिवाय बुराई के कोई भी अच्छाई नज़र नहीं आती। इन्हें उर्दू से नफ़रत,शेरो शायरी से बैर, पीरों फ़क़ीरों की मज़ारों से आपत्ति, उनके स्मारकों से नफ़रत उनके नाम पर बने शहरों क़स्बों मुहल्लों गलियों व मार्गों से बैर। गोया यह विचारधारा देश की एक ऐसी संगठित विच. ारधारा है जिसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। और निश्चित रूप से यही विचारधारा और इसी दैनिक प्रात: कालीन नफ़रती शिक्षा का ही परिणाम था जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को हमसे असमय ही छीन लिया।

केवल गांधी को ही नहीं छीना बल्कि आज गांधी का हत्यारा नाथू राम गोडसे इसी विचारधारा के लोगों के द्वारा महिमामंडित भी किया जाता है। कितना अफ़सोसनाक है कि इसी नफ़रती विचारधारा से जुड़े लोग गांधी के हत्यारे की मूर्तियां भी लगाते दिखाई दे जाते हैं उस आतंकी हत्यारे की स्तुति भी करते हैं। और तो और गांधी की हत्या का प्रदर्शन दोहरा कर उसका वीडियो भी वायरल कर दिया जाता है। जबकि ठीक इसके विपरीत अंग्रेज़ों की ख़ुशामद करने वाले, अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगने तथा स्वतंत्रता सेनानियों की मुख़बिरी करने वाले लोग इनके आदर्श हैं?

विद्वेष व नकारात्मकता की इनकी राजनीति का आलम यह है कि इन्हें ख़ास समुदाय के ग़रीब मेहनती मज़दूरों, रेहड़ी ठेले रिक्शे वालों से नफ़रत है। रोज़गार उपलब्ध करना तो छोड़िए यह तो मुसलमान दुकानदारों का बहिष्कार करते दिखाई दे जाएंगे। इन्हें मुसलमानों के सोसाइटीज़ में फ्लैट ख़रीदने से आपत्ति होती है। इन्हें नमाज़ पढ़ने रोज़ा इफ़्तार से एतराज़। मुसलमानों के हिन्दू त्योहारों में शिरकत से भी इन्हें आपत्ति है परन्तु इनकी उत्तेजक व आपत्तिजनक नारेबाज़ी व हुड़दंग की प्रिय जगह मस्जिद ही है। जब देखिए जहां देखिए मस्जिद के सामने डीजे व लाउडस्पीकर पर जानबूझकर शोर मचाते हैं भड़काऊ नारे लाउडस्पीकर पर लगाते हैं ताकि दूसरा पक्ष उत्तेजित होकर इनका जवाब दे और यह हुड़दंग साम्प्रदायिक उन्माद में बदल जाए। जहां देखिए इन्हें मस्जिदों में शिवलिंग नज़र आने लगता है। देश के संविधान व क़ानून की अनदेखी कर यह ऐसे विषयों को उन्माद में बदल देते हैं ताकि इन्हें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लाभ मिल सके।

और इस साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के बाद हासिल सत्ता के माध्यम से इनके जो फ़ैसले हैं वह भी देश को गर्त में ले जाने वाले हैं। आज देश की सीमाएं हर तरफ़ से असुरक्षित हैं। चीन हज़ारों किलोमीटर की ज़मीन क़ब्ज़ा किए बैठा है मगर इनकी रट यही रहती है कि हमारी ज़मीन में कोई नहीं घुसा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत के नागरिकों व भारतीय व्यवसायिक हितों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं परन्तु मोदी एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं करते। भारतीयों को कितने अपमान. जनक तरीक़े से हथकड़ी बेड़ी पहनाकर अमेरिकी सैन्य विमान से भेजा गया इन्होंने कोई एतराज़ नहीं जताया जबकि अन्य किसी देश के नागरिकों के साथ अमेरिका ने ऐसा अपमानजनक व्यवहार नहीं किया। 'ट्रंप से दोस्ती' का क्या देश को यही सिला मिलना चाहिए था ? यदि आंतरिक मामलों को देखें तो इसी 'धर्म की अफ़ीम' की बुनियाद पर बनी सरकार ने देश में नोटबंदी कर देश की अर्थव्यवस्था को ज़ोरदार आघात पहुंचाया। आज तक कोई अर्थशास्त्री इनके इस फ़लसफ़े के बारे में यह नहीं बता पाया कि 8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000/-रुपये की नोट यह कहकर चलन से बाहर की थी कि इससे काले धन पर लगाम लगेगी। उसी समय मोदी ने यह भी कहा था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट के कारोबार में लिप्त देश विरोधी व समाज विरोधी तत्वों के पास मौजूद 500 और हज़ार रुपये के पुराने नोट अब केवल एक काग़ज़ के टुकड़े के सामान रह जाएंगे। सवाल यह कि जब 500 व एक हज़ार की नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आख़िर दो हज़ार की नोट क्या सोचकर चलाई गई थी? और पुन: 500 की नोट चलाने व 2000 की नोट शुरू करने से भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट का चलन पहले से अधिक क्यों बढ़ गया? और यह भी कि कुछ महीने बाद फिर 2000 की नोट बाज़ार से क्यों ग़ायब हो गई? इस निराली अर्थ नीति का आख़िर उद्देश्य क्या था? क्या यह देश को जानने का हक़ नहीं? यूपीए के समय बढ़ती मंहगाई पर विलाप करने व अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालों की वर्तमान सरकार आज अनियंत्रित मंहगाई पर ख़ामोश है। बेरोज़गारी के आंकड़े अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। परन्तु इन जैसी वास्तविकताओं से मुंह फेर नफ़रत के ये सौदागर गड़े मुर्दे उखाड़ते फिर रहे हैं और समाज में नफ़रत का ज़हर बो रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है)**

# कम उम्र में सफेद बालों की समस्या ने कर दिया है परेशान, ट्राई करें ये नुस्खा



उम्र बढ़ने के साथ ही बालों का सफेद होना नेचुरल है। लेकिन कई बार समय से पहले बाल सफेद होने लगते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। धूप में बहुत अधिक रहना, स्ट्रेस, पॉल्युशन, शरीर में न्यूट्रिशन की कमी, कुछ हेल्थ कंडीशन्स की वजह से भी बाल समय से पहले सफेद होने लगते हैं। हालांकि हेयर कलर करके सफेद बालों को छिपाया जा सकता है, लेकिन यह इसका सही उपाय नहीं हैं। ऐसे में आपको सफेद बालों को छिपाने की बजाय इन्हें कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

सफेद बालों को कम करने के लिए आपको अपनी डाइट में हेल्दी बदलाव करना चाहिए। क्योंकि कई बार शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने पर भी सफेद बालों की समस्या को नहीं रोका जा सकता है। इसके अलावा आप चाहें तो सफेद बालों की समस्या को कम करने के लिए आप कुछ देसी नुस्खे भी आजमा सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ एक ऐसा देसी नुस्खा शेयर करने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से न सिर्फ सफेद बाल कम होंगे, बल्कि इससे हेयरफॉल की समस्या भी काफी हद तक कम होगी।

### बालों की जड़ों में लगाएं यह पेस्ट

सबसे पहले मुट्ठी भर करी पत्ते लेकर उनको साफ पानी से धो लें। फिर इनको पीस लें और दही के साथ मिलाकर स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें। इसको लगाने के बाद करीब 30 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर साफ पानी से बालों को धो लें।

### आजमाएं ये देसी नुस्खा

बता दें कि करीपत्ता मेलेनिन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है और यह बालों को काला करने का काम करता है। करीपत्ता बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है, बालों की ग्रोथ बढ़ाने, डैंड्रफ कम करने और बालों को मुलायम और शाइनी बनाने में मदद करता है।

# बच्चे पैदा करने को महिलाएं खरीद रहा चीन

## गंभीर हुआ शादी का संकटः 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी



**बीजिंग।** शादी का संकट अब चीन में सरकार के लिए एक बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। यह संकट कितना बड़ा इसका अंदाजा आप इस एक आंकड़े से लगा सकते हैं कि 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी। यह गिरावट इतनी गंभीर हो गई है कि चीन के राष्ट्रीय राजनीतिक सलाहकार चेन सोंगशी ने विवाह की कानूनी उम्र 22 से घटाकर 18 साल करने का प्रस्ताव दिया है, मगर एक तरफ जहां युवा चीनी शादी से दूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, शादी के लिए विदेशी दुल्हनों की तस्करी बढ़ रही है। चीन के युवाओं का शादी में रूचि कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं जैसे, बढ़ती महंगाई, उच्च शिक्षा, करियर पर फोकस और समाज में बदलते विचार। खासतौर पर शहरी महिलाएं अब पारंपरिक मान्यताओं को तोड़ रही हैं और शादी और मां बनने को जरूरी नहीं मान रहीं। चीन में वन चाइल्ड पॉलिसी और बेटे को प्राथमिकता देने की सोच ने लिंग अनुपात को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। 2000 के दशक में, चीन में हर 100 लड़कियों पर 121 लड़के जन्म ले रहे थे। कुछ प्रांतों में तो यह अनुपात 130 लड़कों पर 100 लड़कियां था। इसका असर अब साफ दिख रहा है। 1980 के दशक में जन्मे चीनी पुरुषों के लिए जीवनसाथी नहीं मिल रही। अनुमान है कि 3 करोड़ से 5 करोड़ पुरुषों को शादी के लिए दुल्हन नहीं मिलेगी। इस कारण चीन में इसे बचे हुए पुरुषों का युग कहा जा रहा है। शादी की समस्या से जूझ रहे कई चीनी पुरुष अब विदेशी दुल्हनें खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति महिला तस्करी को बढ़ावा दे रही है। खासतौर पर म्यांमार, वियतनाम और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों की लड़कियां इस तस्करी का शिकार बन रही हैं। तस्कर इन महिलाओं को अच्छी नौकरी का झांसा देकर चीन लाते हैं और फिर उन्हें +3,000 से +13,000 (2.6 लाख से 11.3 लाख रुपए) में चीनी पुरुषों को बेच देते हैं। 2019 में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में बताया गया कि चीन-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा की कमी और कानून प्रवर्तन की लापरवाही तस्करों के लिए वरदान बन गई है। चीन सरकार अब इन अवैध शादियों पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। मार्च 2024 में, चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों की सीमा पार तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया। हालांकि, इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पाना मुश्किल है। अवैध विवाह एजेंसियां और बिचौलिए अब भी सक्रिय हैं। नवम्बर 2024 में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो चीनी पुरुषों को सस्ती विदेशी पत्नियों का लालच देकर महंगे विवाह टूर में फंसा रहे थे। चीन में बचे हुए पुरुषों की बढ़ती संख्या एक गंभीर सामाजिक समस्या बन रही है। शोध बताते हैं कि जहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या कम होती है, वहां अपराध और हिंसा बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है। 1990 के दशक के बाद से चीन में अपराध दर में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में भी शोध से पता चलता है कि लिंग असंतुलन के कारण महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के मामले बढ़ सकते हैं।

# इज़रायली बमबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत

### गाजा में नागरिक हताहतों और हमास के बंधकों की स्थिति पर जर्मन चिंतित



**गाजा।** गाजा में सबरा इलाके में बुधवार को एक मकान पर इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के मुताबिक मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने मिसाइल से घर को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में मलबे से भरी सड़कों पर चलते हुए परिवार दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग गद्दे और घरेलू सामान से भरी गाड़ियां धकेल रहे हैं जबकि अन्य अपने डरे हुए बच्चों का हाथ थामे हुए हैं। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि निकासी के आदेश गाजा के उत्तर में बेत हनौन के पड़ोस और दक्षिण में खिरबेट खुजाआ, अबासन अल-कबीरा और अबासन अल-जदीदा क्षेत्र में लागू हैं। बयान में निवासियों से सुरक्षा के लिए पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में ज्ञात आश्रयों को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया है। इजरायली सेना ने मंगलवार को भोर से ही गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में गहन हवाई हमले शुरू कर दिए, जिसमें 400 से अधिक लोग मारे गए हैं और उसने दो महीने का युद्धविराम तोड़ दिया। वहीं जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज़ ने गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई हिसा के बाद नागरिक हताहतों और फलस्तीनी संगठन हमास द्वारा बंधकों की स्थिति को लेकर चिता व्यक्त की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में शोल्ज़ ने कहा कि हम गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई लड़ाई के बाद नागरिक हताहतों को लेकर गहरी चिता में हैं। चांसलर ने गाजा में बचे बंधकों की स्थिति को लेकर भी चिता व्यक्त की। शोल्ज़ ने कहा, हमास के प्रति मेरी स्पष्ट मांग जस की तस बनी हुई है, बंधकों को तुरंत रिहा करें। गाजा पट्टी के संपूर्ण राजनीतिक भविष्य पर चर्चा होनी चाहिए। अरब लीग द्वारा प्रस्तावित योजना इसके लिए एक अच्छा आधार प्रदान करती है। इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि वे गाजा पट्टी में फलस्तीनी आंदोलन हमास के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले कर रहे हैं।

# कैनेडी की हत्या से जुड़े दस्तावेज जारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) की वर्ष 1963 में हुई हत्या से जुड़े गोप. नीय दस्तावेज बुधवार को जारी किए। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 23 जनवरी, 2025 को हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश 14176 के तहत उठाया गया है। अमेरिकी सरकार ने जॉन एफ-कैनेडी की हत्या से जुड़े 80 हजार पन्नों के दस्तावेज़ सार्वजनिक किए। नेशनल आर्काइव्स ने पुष्टि की कि ये फाइलें अब कॉलेज पार्क, मैरीलैंड में उपलब्ध हैं।

जल्द ही इन्हें डिजिटल रूप में अपलोड किया जाएगा। ट्रम्प और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के आश्वासनों के बावजूद, फाइलों का पूर्ण खुलासा नौकरशाही देरी के कारण अटका रहा। पूर्व अभिलेखागार प्रमुख के अनुसार, सरकारी एजेंसियों को समीक्षा के लिए अधिक समय चाहिए था। जेएफके दस्तावेजों के साथ-साथ, ट्रम्प ने सीनेटर रॉबर्ट एफ- कैनेडी और नागरिक अधिकार नेता रेव-डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या की फाइलें भी उजागर करने का आदेश दिया। इन हत्याओं ने षड्यंत्र सिद्धांतों और संदेह को बढ़ावा दिया, जिसे फाइलों के जारी होने से खत्म करना मुश्किल है। राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हित के बीच संतुलन बनाने के प्रयास में ट्रम्प प्रशासन ने जेएफके हत्या से संबंधित रिकॉर्ड्स की समीक्षा के लिए एक योजना बनाने के लिए राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और अटॉर्नी जनरल को 15 दिनों का समय दिया है।

# यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा रूस

## ट्रम्प-पुतिन के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बनी सहमति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद रूस ने ऐलान किया है कि वह अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। बातचीत के दौरान पुतिन कहा कि संघर्ष का समाधान व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बात. चीत में बनी सहमति को व्हाइट हाउस ने शांति की दिशा में पहला कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे काला सागर में समुद्री युद्ध विराम हो जाएगा और लड़ाई पूरी तरह से और स्थाई रूप से समाप्त हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि व्यापक शांति योजना की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से वार्ता तुरंत शुरू होगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन इस चरणबद्ध युद्ध विराम की योजना पर सहमत है या नहीं। वहीं, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत के दौरान पुतिन ने संघर्ष विराम की निगरानी करने और यूक्रेन की ओर से अधिक सैनिकों को जुटाने और खुद को फिर से हथियारबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल करने से रोकने के बारे में भी अहम बिंदु उठाए। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने ट्रम्प से यूक्रेन को विदेशी सैन्य और खुफिया सहायता बंद करने का भी आह्वान किया है। अमेरिका ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के लिए संपूर्ण युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया था। इस पर यूक्रेन पिछले हफ्ते ही अपनी सहमति जता दी थी, लेकिन पुतिन के साथ बातचीत के बाद क्रेमलिन और व्हाइट हाउस की तरफ से सिर्फ ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढाचें पर हमला रोकने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा है। अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिजों उत्खनन पर समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। खनिज के प्रसंस्करण के लिए अमेरिका को बिजली की जरूरत होगी। इसलिए उसकी सबसे बड़ी चिंता यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को लेकर है। रूस ने फरवरी 2022 में अपने आक्रमण के बाद से यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। इससे यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूसी तेल रिफाइनरियों पर जबर्दस्त हवाई हमले किए हैं। क्रेमलिन ने बताया कि दोनों नेताओं ने कैदियों की अदला-बदली और समुद्री सुरक्षा के बारे में बात की।




जॉब अलर्ट

NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

**आवश्यकता है।**

पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री

कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**

पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री

कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षों का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।

2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur
S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.)
D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.; 2016 Amjad Med. Coll. SRE
S/O DR.SHAHID AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD; S/O MD. ISLAM AHMED THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut, Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria
D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur
D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE

9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ
क्रैश कोर्स

Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड
मु0नगर, 9368787704, 9837935900

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499